भाद्रपद कृष्ण पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 93 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
16 सितंबर 2023 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

बैतूल में 17 इंच, इंदौर में 6 इंच गिरा पानी

## तवा के गेट खुलने से उफनी नर्मदा, ओंकारेश्वर के सभी घाट डूबे



**भोपाल/ खंडवा, दोपहर मेट्रो**

प्रदेशभर में जारी बारिश को देखते हुए खंडवा के इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के गेट खोल दिए गए हैं। नर्मदा नदी में करीब 30 हजार क्युमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है। इससे ओंकारेश्वर के सभी घाट डूब गए है। वही मोरटक्का में इंदौर- इच्छापुर राजमार्ग नर्मदा के पुल की निचली सतह को पानी छोड़ने से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। इस मानसून में पहली बार इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के गेट खोले गए हैं इससे नर्मदा में उफान आ गया है। दो दिनों से नर्मदा घाटी के ऊपरी क्षेत्रों में हो रही बारिश और और बरगी और तवा बांध के शुक्रवार को तेरह गेट खोलने से इंदिरा सागर बांध का जलस्तर अचानक बढ़ गया इससे रात करीब 1 बजे इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के गेट भी एनएसडीसी प्रशासन को खोलने पड़े। एनएसडीसी प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ इसकी सूचना खंडवा खरगोन सहित आसपास के जिला प्रशासन को देखकर गेट खोलने की कार्रवाई शुरू की गई। इधर, मप्र में भोपाल समेत करीब पचास जिलों में तेज बारिश का दौर कल तक जारी रहने के आसार हैं। इसके बाद नया सिस्टम यदि मजबूत बना तो फिर बारिश का दौर रहेगा।

## टाटा की सुनक सरकार के साथ बड़ी डील

**नईदिल्ली एजेंसी।** टाटा ग्रुप पूरी दुनिया में कारोबार करता है खासकर स्टील सेगमेंट में टाटा ग्रुप ने ब्रिटेन में अपना बिजनेस फैला भी रखा है अब टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील ने ब्रिटिश सरकार के साथ बड़ी डील की है। दरअसल, कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने टाटा स्टील को 50 करोड़ पाउंड (करीब 5,150 करोड़) का ग्रांट देने का ऐलान किया है। ब्रिटिश सरकार ने टाटा स्टील के प्लांट से कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए ये ग्रांट दिया।

मंत्रियों को नजर रखने के निर्देश, कल से आवास योजना के आवेदन भी

# महिलाओं को बाजार दर पर लेना होगा सिलेंडर, खाते में आएगी अंतर की राशि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राज्य मंत्रिपरिषद ने आज महिलाओं को कम मूल्य पर रसोई गैस सिलेंडर दिलवाने और आवास योजना का लाभ दिलवाने के दो महत्वपूर्ण फैसलों के लिए मेजें थपथपाकर हर्ष व्यक्त किया और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए पंजीयन की कार्यवाही शुरू की जा रही है।**

योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर पंजीयन करवाना होगा तथा इसके लिए एलपीजी कनेक्शन की आईडी और समग्र आईडी की आवश्यकता होगी। उन्होंने अपने मंत्रियों को भी प्रभार के जिलों में जाकर दोनों योजना के रजिस्ट्रेशन कार्य पर नजर रखने को कहा। अब आगामी 25 सितम्बर को पंजीयन कार्य की समीक्षा होगी। पांच अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन पूरे किए जाएंगे। कल 17 सितम्बर से लाड़ली बहना आवास योजना के लिए भी आवेदन पत्र भरवाने का कार्य शुरू हो रहा है। इसमें ऐसी हितग्राही महिला जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना और आवास प्लस का लाभ नहीं मिला है, उन्हें इस योजना का लाभ दिलवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी लाड़ली बहना योजना की कनेक्शनधारी महिला और उज्जवला योजना की हितग्राही महिलाओं को प्रतिमाह एक सिलेंडर 450 रूपए की दर पर उपलब्ध होगा। हालांकि लाडली योजना की कनेक्शनधारी को गैस कम्पनी से तो विक्रय दर पर ही सिलेंडर लेना होगा। बाद में अंतर की राशि उनके बैंक खाते में रि-फंड की जाएगी। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की लाभार्थी बहनों के खाते में अनुदान राशि ऑयल कम्पनी द्वारा डाली जाएगी और यह अनुदान राशि राज्य सरकार द्वारा ऑयल कम्पनी को दी जाएगी। ऐसी बहनें जो उज्जवल योजना की लाभार्थी नहीं है, उनके बैंक खाते में अनुदान राशि सीधे राज्य सरकार डालेगी। योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा।



## जबलपुर में असम के सीएम बोले- राहुल गांधी के पास हिंदू हृदय सम्राट बनने का मौका



**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि इंडिया गठबंधन आ जाने के बाद तीन राज्यों में चुनाव का मापदंड ही बदल गया है। अब चुनाव भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि हजारों साल पुरानी सनातन परंपरा से हो गया है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी के पास हिंदू हृदय सम्राट बनने का मौका है। स्टालिन और डीएमके को गठबंधन से निकालें। हिंदू सहनशील है, इसलिए चुप है। दूसरे धर्म के लिए टिप्पणी करते तो सिर तन से जुदा के नारे लगते। इंडिया के 14 एंकर्स का बायकॉट करने पर उन्होंने कहा, हमने चंद्रयान-3 बनाया है। जाओ जाकर चांद पर मीडिया पर प्रतिबंध लगाओ। असम के मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश में बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने के लिए आए हैं। वे छिंदवाड़ा और पन्ना के दौरे पर रहेंगे।

हेलीकॉप्टर और ड्रोन की ली जा रही मदद

## छिपते-भागते आतंकियों की तस्वीर सामने आई, ऑपरेशन आज निर्णायक चरण में

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के कोकेरनाग में आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का ऑपरेशन चौथा दिन भी जारी है, आतंकियों की हरकत पर आसमान से भी नजर रखी जा रही है। जिस जगह पर आतंकी छुपे हैं वो पहाड़ी एरिया है जिससे ऑपरेशन में मुश्किलें आ रही है और हेलीकॉप्टर व ड्रोन की भी मदद ली जा रही है इसमें आतंकवादी भागते नजर आ रहे हैं। कश्मीर के एडीजीपी ने कहा है कि कश्मीर् छ्लक्कने कहा कि यहां 2-3 आतंकी हैं फंसे हुए हैं और उन सभी को मार गिराया जाएगा। आतंकियों के छुपने के ठिकाने को सुरक्षाबलों ने बमबारी कर ध्वस्त कर दिया है। यहां सेना अभी और बमबारी कर सकती है। बताया जा रहा है कि लश्कर कमांडर उजैर खान यहां एक आतंकी के साथ छिपा हुआ है।



सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन का एक ड्रोन फुटेज में आतंकवादी भागते हुए नजर आ रहा है। इन आतंकियों ने तीन दिन पहले सेना केदो अफसरों व एक डीएसपी व जवान की हत्या की है।

**दो आतंकी मारे गिराए:** वहीं आज उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में हथलंगा के अग्रिम इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला हुआ है।

7 बजे के आसपास हुआ रेल हादसा

## झाबुआ के पास ट्रेन के डिब्बों ने पटरी छोड़ी, दूसरी रेलें अटकीं

**झाबुआ, एजेंसी।**

आज सुबह मप्र के झाबुआ जिले के अमरगढ़ से पंचपिपलिया के बीच पौने सात बजे के आसपास रेल हादसा हुआ। इसमें हजरत निजामुद्दीन से मिराज जंक्शन जाने वाली दर्शन एक्सप्रेस का इंजन और एक कोच डिरेल हो गया, गनीमत रही कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है मगर यातायात पर असर पडा है। इस घटना के पीछे अनुमान लगाया जा रहा है कि भारी बारिश के चलते दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया और पहाड़ी से छोटे पत्थर रेलवे ट्रैक पर आ गए, जिसकी वजह से ये घटना हुई। घटना की जानकारी होने पर रतलाम मंडल के अधिकारी मौके पर राहत ट्रेन के साथ पहुंचे हैं।



रेलवे पीआरओ खेमराज मीणा ने घटना की पुष्टि की है कि दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक करीब बंद है। ट्रैक को चालू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कई महत्वपूर्ण ट्रेनें आसपास के स्टेशनों पर खड़ी हैं। राहत टीमें जल्द ट्रैक को शुरू कराने की कोशिश में जुटी हैं। रेलवे अधिकारी ने बताया कि रतलाम मंडल के रतलाम और दाहोद सेक्शन में ट्रेन नंबर 12494 हजरत निजामुद्दीन-मिराज एक्सप्रेस के कोच और इंजन डिरेल हो गए थे। यात्रियों के लिये जरूरी व्यवस्था की गई है और ट्रेन ऑपरेशन से संबंधित काम चल रहे हैं।

## लोन एप्स पर शिकंजा कसा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** तुरंत लोन देने वाले एप्स से परेशानी के चलते भारत में अब सभी इंस्टैंट लोन बैन होने वाले हैं। इसके लिए सरकार ने गूगल और एपल को आदेश दिया है। सरकार ने यह फैसला लोन एप्स के जरिए लोगों से हो रहे फ्रॉड को लेकर लिया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, आज गूगल प्ले स्टोर और ऐपल एप स्टोर पर कई एप्लिकेशन हैं जो भारतीयों द्वारा उपयोग किए जाते हैं। हम एप्लिकेशन के एक सेट को ट्रैक कर रहे हैं जो लोन एप्लिकेशन हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हमने दोनों को एक सलाह जारी की है कि उन्हें असुरक्षित एप्लिकेशन या अवैध एप्लिकेशन को स्टोर पर लिस्ट नहीं करना चाहिए। सभी 'डिजिटल नागरिकों' के लिए इंटरनेट को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाए रखना हमारी सरकार का उद्देश्य और मिशन है। चंद्रशेखर ने कहा कि इन एप्स को पूरी तरह से खत्म करने के लिए आरबीआई के साथ जल्द से जल्द बैठक की जाएगी और एक लिस्ट बनाई जाएगी। उस लिस्ट के आने के बाद सिर्फ वही एप इंस्टैंट लोन दे पाएंगे जो उस लिस्ट में शामिल होंगे। इसके लिए एक मानदंड बनाया जाएगा।

## हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

**हैदराबाद, एजेंसी।** पुनर्गठित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक आज हैदराबाद में हो रही है। बताया जा रहा है कि पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करने के लिए यह बैठक बुलाई गई है। तेलंगाना की राजधानी में बैठक आयोजित करके कांग्रेस यह संदेश भी देना चाह रही है कि वह चुनावी राज्य में बीआरएस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। नेताओं का कहना है कि बैठक के दौरान कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का विचार-विमर्श तेलंगाना की राजनीति के साथ-साथ पार्टी के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा।

मेट्रो एंकर

लगातार करता है यूजर्स का 'पीछा' फिर भी मानता नहीं

# यूजर्स की ट्रैकिंग में फंसा गूगल, 7 हजार करोड़ का फटका

**नईदिल्ली, दोपहर मेट्रो।**

गूगल के यूजर यदि इसमा आनंद उठाते हैं तो उसे अपनी 'जासूसी' करते भी पाते हैं। गूगल हमेशा यूजर लोकेशन एक्सेस करता है। यूजर जो भी कर रहे होते हैं उससे संबंधित विज्ञापन दिखाने लगता है। आप जिस प्रोडक्ट के बारे में सोचते हैं और बात करते हैं जिसे आप खरीदने का प्लान कर रहे हैं, कुछ ही मिनटों में आपको उसका विज्ञापन अपनी स्क्रीन पर नजर आ जाता है। हालांकि, नए नियमों के अनुसार, गूगल यूजर्स की लोकेशन को कई कारणों से ट्रैक करता है और अगर यूजर्स ट्रैकिंग को डिसेबल कर देते हैं तो गूगल लोकेशन ट्रैक नहीं कर पाएंगा , यह ऐसा सोचना गलत है। क्योंकि ट्रैकिंग बंद करने से गूगल आपको ट्रैक करना बंद नहीं करता है। हालांकि गूगल यह बात मानने को तैयार नहीं है। दरअसल गूगल के खिलाफ हाल ही में एक मुकदमा दायर किया गया जिसमें कंपनी पर आरोप लगाया है कि उसने यूजर्स को गुमराह किया है। मुकदमे में कहा गया है कि कंपनी ने यूजर्स को उनकी लोकेशन की जानकारी कैसे और कब ट्रैक की जाती है और क्या जानकारी सेव की जाती है, को लेकर गुमराह किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसके हर्जाने के तौर पर अब गूगल पर 93 मिलियन डालर का भुगतान करेगा, जो लगभग 7,000 करोड़ रुपये है। खबरों के मुताबिक यह मुकदमा कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल, रॉब बोंटा ने दायर किया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने यूजर्स को उनके लोकेशन डाटा पर ज्यादा कंट्रोल के लिए गलत इंप्रेशन दिया था। बोंटा ने एक बयान में कहा, हमारी जांच से पता चला है कि गूगल ने यूजर्स को कहा था कि एक बार ऑप्ट आउट करने के बाद वह उनकी लोकेशन को ट्रैक नहीं करेगा, लेकिन वो यह नहीं कर रहा था। गूगल अपने बिजनेस के बेनिफिट के लिए अपने यूजर्स की एक्टिविटी को ट्रैक करना जारी रखता है।



### गूगल के सफाई में कई तर्क

हालांकि, गूगल इन आरोपों को स्वीकार नहीं कर रहा है। लेकिन कंपनी समझौता करने के लिए सहमत हो गई है और 93 मिलियन के पेमेंट देना का वादा किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, गूगल प्रवक्ता जोस कास्टानेडा ने बताया है कि हाल के वर्षों में किए गए सुधारों के अनुसार, हमने इस मामले को सुलझा लिया है जो पुरानी प्रोडक्ट पॉलिसी पर आधारित था। इन्हें पहले ही बदल दिया गया था।





## कोटा पूरा करने के अभियान पर बादल

# सितंबर में बरसात ने बदली राजधानी की रंगत, कई जगह परेशानियां भी उभरीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**पूरे अगस्त में तरसाते रहे बादलों ने अब सितंबर में बारिश का कोटा पूरा करने का जैसे बीड़ा उठा लिया है। दो दिन से शहर में तेज बारिश का दौर है और करीब साढे तीन इंच बरसात हो चुकी है। सितंबर माह में हो रही झमाझम वर्षा ने शहर वासियों के गिलेशिकवे दूर कर दिए हैं। आज भी सुबह से बौछारों का दौर है और माना जा रहा है कि दिनभर बारिश होती रहेगी।**

बीते चौबीस घंटे में तीन इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। यह बारिश 11 वर्ष में दूसरी बार सितंबर माह में और इस सीजन में पहली बार एक दिन में हुई सर्वाधिक वर्षा कही जा रही है। घने बादल छाए रहने के कारण सुबह साढ़े आठ बजे से नौ बजे तक एयरपोर्ट में दृश्यता 800 मीटर रह गई थी।

मौसम विभाग के मुताबिक इस सीजन में एक जून से लेकर शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक राजधानी में 653.1 मिमी. वर्षा हुई थी। जो सामान्य वर्षा (905.7 मिमी.) की तुलना में 28 प्रतिशत कम है। कल दिनभर बारिश के बाद भी अभी करीब बीस फीसद की कमी है। दरअसल इस बार जुलाई और अगस्त माह में मानसून शिथिल रहने के कारण औसत से काफी कम वर्षा हुई। हालांकि पांच सितंबर के बाद मानसून के सक्रिय होने से अच्छी वर्षा होने का सिलसिला जारी है। उधर 18 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक और चक्रवात बनने जा रहा है। इस वजह से वर्षा का दौर अभी बना रहने की भी संभावना है।



### शहर में कई बस्तियां अस्तव्यस्त, पेड भी गिरे

भारी बारिश के चलते भोपाल शहर में कई जगहों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है, निचली बस्तियों में पानी भरा हुआ है और चारों तरफ वहां कीचड़ नजर आ रहा है। सड़कों पर गड्ढों में पानी भर गया है। जिसके कारण लोगों को निकलने में परेशान होना पड़ रहा है। बारिश के साथ तेज हवाओं के कारण कुछ जगहों पर पेड़ गिरने की घटनाएं भी हुई हैं तो कई जगह पर ट्रेफिक जाम के हालात भी बन रहे हैं।

## गणेश प्रतिमा निर्माण पर हुई कार्यशाला

# बीयू के विद्यार्थियों ने तैयार किए 40 सीड गणेश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ग्रीन गणेश जागरूकता अभियान के अंतर्गत एप्को द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पर्यावरण संकाय के विद्यार्थियों के साथ मिट्टी के गणेश प्रतिमा निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. एस. के. जैन की प्रेरणा से आयोजित कार्यशाला का मार्गदर्शन डॉ. विपिन व्यास, प्राध्यापक एवं डीन तथा डॉ. अभिलाषा भावसार, सहायक प्राध्यापक द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण का प्रशिक्षण कमलेश वर्मा,सहायक वास्तुविद, एप्को द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में लगभग विभिन्न संख्याओं के 30 विद्यार्थी द्वारा सहभागिता कर 40 गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया गया। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक रंगों से मूर्तियों को रंगने का कार्य एवं गुलमोहर, आंवला, अमरूद, सामी, अमलताश इत्यादि पे?ों के बीजों को मूर्ति में रखकर सीड गणेश तैयार किए। इन मूर्तियों का विसर्जन मिट्टी अथवा गमले में करने पर फलदार पौधे विकसित होंगे। कार्यक्रम का समन्वय दिलीप चक्रवर्ती, पर्यावरण शिक्षा अधिकारी, एप्को द्वारा किया गया।



# पहले ही दिन निकली 450 रुपये में सिलेंडर देने वाली व्यवस्था की हवा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लाड़ली बहनाओं को 450 रुपये में सिलेंडर देने वाली व्यवस्था की हवा पहले ही दिन शुक्रवार को निकल गई।

असल में इसी दिन से सिलेंडरों के लिए पंजीयन होना था लेकिन सर्वर ही नहीं चला। प्रशासन की ओर से दावा किया गया कि सर्वर डाउन हो गया था। जिसे ठीक कर लिया जाएगा और अगले ही दिन शनिवार से पंजीयन शुरू कर देंगे। लेकिन शनिवार दोपहर तक भी यह व्यवस्था ठीक से पटरी पर नहीं लौट पाई थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहनाओं को 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी। जिन्हें प्राप्त करने के लिए शुक्रवार से शुरू हो गई है। खाद्य विभाग को फार्म लेने हैं।

यह आवेदन लाड़ली बहना को वहीं जमा करना होंगे जहां उन्होंने योजना के लिए पंजीयन कराया है। कनेक्शन के लिए लाड़ली बहना को उपभोक्ता नंबर, कनेक्शन आइडी, योजना आईडी आदि लेकर जाना होगा। इस योजना के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के कनेक्शनधारी सभी उपभोक्ता और जिनका नाम योजना में नहीं है लेकिन वह कनेक्शनधारी लाड़ली बहना है तो 450 रुपये सिलेंडर योजना का लाभ ले सकेंगे।

# जाम लगाने वाले वाहन चालकों की खबर पुलिस को दे रहे लोग

**भोपाल।** शहर में जाम लगाने वाले लोगों की सूचना पुलिस को दी जाने लगी है। यह सबकुछ पुलिस द्वारा जारी किए गए एक वाट्सएप नंबर के सामने आने के बाद हुआ है। ये वे लोग हैं जो जाम से परेशान होते हैं।

आने वाले दिनों में सड़क पर वाहन खड़े करने वाले लोगों की और फजीहत होनी तय है। असल बात यह है कि राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यातायात पुलिस ने बुधवार को एक व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। पुलिस ने इस नंबर पर सुझाव और सड़क पर वाहन खड़े वाहनों के फोटो मांगे थे। जिसके बाद गुरुवार को 20 लोगों ने पुलिस को फोटो भेजी है। शुक्रवार को भी इतने ही लोगें के मैसेज मिले है।

# अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें व वीजा केंद्र शुरू करने की राज्यपाल से मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विदेश प्रवास के दौरान लंदन में फ्रेन्ड्स ऑफ एम.पी. के साथ संवाद किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रवासी भारतीय संगठन फ्रेन्ड्स ऑफ एमपी के अध्यक्ष रोहित दीक्षित, आबिद फारूकी और लंदन के डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल समेत समहू सदियों से भेंट की। फारूकी ने राज्यपाल को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया जो भारत और ब्रिटैन का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने विभिन मुद्दों पर राजयपाल से चर्चा कर उन्हें ज्ञापन दिया जिसमे भोपाल और मध्य प्रदेश के अन्य शहरों से अंतराष्ट्रीय उड़ानों का विषय शामिल था। चर्चा में विशेष रूप से



अंतर्राष्टीय हवाई कनेक्टिविटी के मामले में मध्य प्रदेश के खासतौर से भोपाल से दुबई, यूके और अन्य स्थानों के लिए अंतरराष्टीय उड़ानें शुरू करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा भोपाल या इंदौर में दूतावास केंद्र शुरू करने की मांग पर राज्यपाल से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## मराठी थीम पर सजी किटी पार्टी.



**भोपाल।** शहर की महिलाओं के एक्टिव ग्रुप ग्लैमर गर्ल द्वारा भारतीय संस्कृति और पाश्चात्य शैली का मिश्रण कर अलग-अलग अंदाज में थीम पर किटी की जाती है । हाल ही में ग्रुप द्वारा महाराष्ट्र के मराठी कल्चर के साथ भारतीय संस्कृति को सजाया गया । रातीबड़ स्थित एक रेस्टोरेंट में सभी ने एकत्रित होकर मराठी परिधान को धारण कर महाराष्ट्र की संस्कृति को दिखाया तथा हेयर स्टाइल मेकअप और विशेष परिधानों के साथ महाराष्ट्र की यादे ताजा कर दी । ग्रुप एडमिन निशिता सिंह ने बताया कि होस्ट वंशिका तलरेजा द्वारा सभी मेंबर्स का तिलक लगाकर कंगन पहनाकर भगवान गणेश का चित्र देकर अभिवादन किया और गणेश चतुर्थी के पूर्व मिट्टी के गणेश प्रतिमा की आराधना कर पर्यावरण की रक्षा का आग्रह? ?किया

## वार्षिकोत्सव संपन्न



**भोपाल।** फर्स्ट स्टेप स्कूल रोहित नगर के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# नवनिध में हिन्दी पखवाड़े का समापन

**हिरदाराम नगर।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक विद्यालय में, 'हिंदी दिवस' पखवाड़े का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी से संबंधित विविध गतिविधियों व प्रतियोगिताओं हुई। पखवाड़े में कक्षा पहली से 12वीं तक की छात्राओं के लिए रोचक गतिविधियाँ व प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें 'आया सावन झूम कर' विषय पर चित्र बनाकर नारा लिखना, एकल अभिनय,कविता पाठ प्रतियोगिता, दोहा वाचन प्रतियोगिता, चौपाई गायन प्रतियोगिता, श्लोक गायन प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन, ज्ञानवर्धक हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# ओरिएंटेशन प्रोग्राम का समापन, फेशर्स पार्टी में नए स्टूडेंट्स का वेलकम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय के दो दिवसीय ओरियेंटेशन प्रोग्राम का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

साधु वासवानी एज्यूकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी, उपाध्यक्ष सुरेश दरियानी, महासचिव राजेन्द्र मनवानी, सचिव अशोक आडवानी, कोषाध्यक्ष दिनेश वाधवानी, सांस्कृतिक सचिव मुस्कान



डेटानी, आडिटर हेमन्त आसवानी, सदस्य सान्या मनवानी, हेमा वाधवानी , सुचित्रा आसवानी एवं महाद्यिलय के प्राचार्य डॉ ए.के.सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत की।

ओरियेंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में साधु वासवानी स्वशासी प्रकोष्ट की नियंत्रक डॉ साधुना तामोट द्वारा स्वशासी निकाय , महाविद्यालय की स्वशासी प्रणाली एवं स्वशासी प्रकोष्ट सेल द्वारा आयोजित परीक्षा संबंधी जानकारी पावर प्वॉइंट्स द्वारा दी गई। विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र सीसीई, प्रेक्टिक्ल, मार्क्स स्कीम के बारे में बताया गया। दूसरे सत्र में फेशर पार्टी का आयोजन किया गया। सीनियर्स ने गीत एवं संगीत की प्रस्तुति दी। नए छात्रों ने अपने परिचय दिया। नए छात्रों का वेलकम भोपाल के बिग एफएम

## मेट्रो एंकर | धरना प्रदर्शन आंदोलन करेगा संयुक्त किसान मोर्चा

# नाराजी: भारी बारिश व बाढ़ वाले दिन की वेट लैंड रिपोर्ट लगाकर बनाया कैचमेंट

**हिरदाराम नगर**

इंदौर रोड पर दाएं तरफ की हजारों हेक्टर भूमि को कैचमेंट में डालने के विरोध में किसान लामबंद हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर किसान आंदोलन जारी है।

शुक्रवार को खजूरी सड़क बाईपास पर किसानों की एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें 15 से ज्यादा अधिक किसान संगठनों ने कैचमेंट का पुरजोर विरोध करने का संकल्प लिया। अपनी मांग के समर्थन में रैली भी निकाली। किसान मजदूर संघ के नेता मनोहर सिंह ठाकुर




एवं संयुक्त मोर्चे के सजल जैन ने बताया कि जिन लोगों ने इस क्षेत्र में यहां पर प्लॉट एवं फार्म हाउस तथा खेती की जमीन ली थी, वह बर्बाद हो गए हैं।

किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा की जमीन को डी - ग्रेट करना गलत है यदि हमारी मांगे नहीं मानी पुराना कैचमेंट बढ़ाया गया तो देश के किसान नेता राकेश सिंह टिकैत भी भोपाल आएंगे और संयुक्त मोर्चे के आंदोलन में शामिल होंगे।

जिसे जलभराव भूमि बताया जा रहा है उससे कैचमेंट हटाया जाए और पूर्ववत रखा जाए। इंदौर रोड पर दाएं तरफ आवासीय एवं व्यावसायिक अनुमति दी जाए। दो साल पूर्व हुई भारी बारिश और बाढ़ के समय बनाई गई वेटलेंड रिपोर्ट के आधार पर जमीनों को कैचमेंट में डाला जा रहा है।

# संस्कृति सिंधी गरबा की 25 दिनी वर्कशॉप 22 से, रजिस्ट्रेशन शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

सिंधी मेला समिति संस्कृति सिंधी गरबे का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में भाग लेने के लिये रजिस्ट्रेशन 11 सितंबर से प्रारंभ हो चुके है, और भोपाल के लगभग 9 स्थानों पर 25 दिन तक दिनांक 22 सितंबर से 17 अक्टुबर तक प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसमें रास ग्रुप (सोनू ठाकुर) की विशेष टीम द्वारा गरबा और डांडिया की स्टेप्स सिखाई जाएगी। इस संस्कृति सिंधी गरबे का मुख्य आयोजन 18, 19, 20 एवं 21 अक्टूबर को लालघाटी स्थित सुंदरवन में साय 8 बजे से रात्रि 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव के बारे में

**18 से 21 अक्टूबर तक सुंदरवन में होगा मुख्य आयोजन**

विस्तार से जानकारी दते हुये सिन्धी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी में बताया कि संस्कृति सिंधी गरबे के आयोजन का इंतज़ार भोपाल के युवाओ को वर्ष भर रहता है। और युवाओ के इस गरबे के प्रति उत्साह को देखते हुये समिति ने इस वर्ष 25 दिन तक गरबा प्रेमियों को प्रशिक्षण देने का निणय लिया है। इसके साथ ही गरबे में भव्यता प्रदान करने के लिये एन.के म्यूजिक ग्रुप द्वारा गरबे में माँ की आराधना करते हुये सुंदर सुंदर गीतों की प्रसूति दी जायेंगी।

# खत्म नहीं हो रही पटवारियों की हड़ताल, सरकार भी चुप

## इधर, रैली निकालकर भोपाल पहुंचे नर्मदापुरम के पटवारियों को पुलिस ने मंडीदीप में किया नजर बंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पटवारी हड़ताल खत्म करने के लिए तैयार नहीं है और सरकार इन्हें मनाने के लिए आगे नहीं आ रही है। नुकसान लोगों का हो रहा है। हजारों प्रकरण लंबित हो गए हैं क्योंकि सीमांकन, बंटान, नामांतरण, खसरा, खसौनी, नक्शा, राशन कार्ड बनने, प्रकरणों की रिपोर्ट तैयार किए जाने, आय, जाति, मूल निवासी, ईडब्ल्यूएस सहित अन्य जमीन और योजनाओं से संबंधित काम पूरी तरह लंबित है। इधर पटवारी जगह–जगह रैलियां निकालकर गुस्सा जता रहे है। नर्मदापुरम से शुक्रवार को रैली निकालकर भोपाल आ रहे पटवारियों को पुलिस ने मंडीदीप में रोक लिया था। इन पटवारियों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें नजर बंद कर दिया। जिसके कारण वे परेशान हो गए।

### प्रदेश में है 19 हजार पटवारी

मप्र में 19 हजार पटवारी है, जो सरकार से वेतन बढ़ाने, पदोन्नति देने, स्थानांतरण की व्यवस्था अच्छी करने समेत कई मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। बीते वर्ष भी इन्होंने हड़ताल की थी, तब शासन से एक–दो दौर की बातचीत हुई थी। इसी बीच मामला हाईकोर्ट पहुंच गया था जहां से हाईकोर्ट ने हड़ताल को अवैध ठहराया था। जिसके बाद पटवारी काम पर लौट गए थे। प्रदेश में इस समय पटवारी ही नहीं, बल्कि कई संवर्ग के कर्मचारी विरोध दर्ज करवा रहे हैं। इनमें शिक्षक, लिपिक, दैनिक वेतन भोगी, स्थाई कर्मी, आशा–उषा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विरोध दर्ज कराते आ रहे हैं।




## यह यात्रा एक साथ सात स्थानों से प्रारंभ होगी

# जन आक्रोश यात्रा : घरों में बांटे जाएंगे आरोपपत्र




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस के विस चुनाव अभियान के अंतर्गत 19 सितंबर से जन आक्रोश यात्रा की तैयारी तेज हो गई है। साथ ही सभी जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों को हिदायत दे दी गई है कि यदि यात्रा में असहयोग या निष्क्रियता की जानकारी सामने आई तो कार्रवाई होगी। यह यात्रा एक साथ सात स्थानों से प्रारंभ होगी। बताया जाता है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ी सभा और छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं होंगी। इसकी तैयारियों को लेकर भोपाल में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यात्रा प्रभारी, जिला अध्यक्ष, प्रभारी और संगठन मंत्रियों के साथ लंबी बैठक करके पार्टी की मंशा समझा दी है। इस यात्रा को भाजपा की जनआर्शीवाद यात्रा की काट के तौर पर निकाला जा रहा है। इस दौरान घर-घर भाजपा सरकार के विरुद्ध जारी पार्टी का आरोप पत्र वितरित किया जाएगा। यात्रा के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्पीड़न की घटनाओं को मुद्दा बनाकर भाजपा सरकार को घेरा जाएगा। शिवराज सरकार द्वारा की जा रही घोषणाओं की स्थिति भी जनता के बीच रखी जाएगी तथा कांग्रेस की सरकार बनने पर विभिन्न वर्गों के हित में जो कदम उठाए जाएंगे,

### भाजपा की जनआर्शीवाद यात्रा का जवाब देने की कोशिश में कांग्रेस

भूरिया, सिंह, यादव थामेंगे कमान: कांग्रेस ने जातिगत और स्थानीय समीकरणों को देखते हुए जन आक्रोश यात्रा के प्रभारियों को जिले आवंटित किए हैं। आदिवासी चेहरा कांतिलाल भूरिया जनजातीय बहुल जिलों में यात्रा की कमान संभालेंगे तो अन्य बुंदेलखंड में पिछड़ा वर्ग बहुल क्षेत्र में यात्रा की अगुआई अरुण यादव करेंगे। विंध्य और महाकोशल में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह यात्रा के प्रभारी रहेंगे तो कमलेश्वर पटेल भी इन्हीं अंचलों के दूसरे जिलों में यात्रा निकालेंगे। नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह को उनके प्रभाव क्षेत्र ग्वालियर–चंबल के आठ जिले दिए गए हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पचौरी मध्य भारत और जीतू पटवारी मालवांचल में यात्रा के प्रभारी बनाए गए हैं। इनके साथ ही 30 विधायकों को सह यात्री बनाया गया है, जो अपने प्रभाव क्षेत्र में यात्रा की बागडोर संभालेंगे।

**पदस्थापनाओं का मामला**

### कांग्रेस ने लगाया लेनदेन का आरोप मंत्री बोले- हां शिकायतें मिली थीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र कांग्रेस के मीडिया प्रमुख केके मिश्रा ने एक वीडियो जारी कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में इंजीनियरों की पदस्थापना में लेन–देन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मंत्री के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) रहे ब्रजेश श्रीवास्तव और अन्य अधिकारियों के वीडियो से साफ है कि बिना लेन–देन के पदस्थापना नहीं होती है। इस आरोप पर विभागीय मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने पोस्ट किया कि यह सत्य है कि वे मेरे पूर्व ओएसडी थे और शिकायतों के चलते उन्हें पद से हटाया दिया था। ये वीडियो पुराने हैं और इनमें थोड़ी भी सत्यता होगी तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, जब मिश्रा ने आरोप लगाया कि पंचायतों से वसूली और पदस्थापना में लेन–देन की शिकायत मुख्यमंत्री तक भी पहुंची थी और इसके बाद उन्हें पद से हटाया गया था। यह गंभीर मामला है क्योंकि सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो परसेंट टालरेंस की नीति का दावा करती है तो पंचायत मंत्री सिसोदिया ने एक्स पर पोस्ट किया कि वीडियो पुराना है और तब ब्रजेश श्रीवास्तव और विभाग के तत्कालीन प्रमुख अभियंता सेवा में थे। अब दोनों ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सिसौदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस की नीति जारी है और आगे भी रहेगी।

# भारतीय संस्कृति की सॉफ्ट पॉवर के अग्रदूत हैं प्रवासी भारतीय



### भारत के सस्टेनेबल फ्यूचर के मॉडल को प्रसारित करें प्रवासी भारतीय -राज्यपाल

**भोपाल।** भारतीयता की वैश्विक दृष्टि और सस्टेनेबल फ्यूचर के मॉडल को दुनिया भर में प्रसारित किया जाना चाहिए। वैश्विक शांति और मानवता के कल्याण के लिए भारतीय दर्शन, संस्कृति और जीवन मूल्यों की सॉफ्ट पावर से दुनिया को परिचित कराने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राज्यपाल लंदन प्रवास के दौरान कही। वे फ्रेंड्स ऑएम.पी. संगठन के सदस्य प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद कर रहे थे। राज्यपाल पटेल की पत्नी नर्मदाबेन पटेल, लंदन के डिप्टी मेयर राकेश अग्रवाल, प्रेसीडेंट रोहित दीक्षित भी उपस्थित थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र कला, साहित्य, राजनीति, व्यापार, विज्ञान, प्रौद्योगिक अर्थ-व्यवस्था और आध्यात्म सभी में प्रवासी भारतीयों की प्रतिभा को दुनिया ने माना है। प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियां हर भारतीय का गौरव है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश आज देश में सर्वाधिक 19 प्रतिशत से अधिक विकास दर के साथ प्रगति कर रहा है। देश की अर्थ-व्यवस्था में राज्य का योगदान काफी बढ़ गया है। देश के फूड बॉस्केट और लॉजिस्टिक हब की पहचान के साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश की चौथी रैंक है। राज्य की उद्योग संवर्धन नीति निवेश फ्रेंडली है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल, पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि एवं खाद्य प्र-संस्करण और टेक्सटाईल के क्षेत्र में निवेश की अपार सम्भावनाएं हैं। टैक्स व्यवस्था से अलग सहायता के लिए निवेश प्रोत्साहन योजना है। प्लांट मशीनरी और भवन पर निवेश प्रोत्साहन सहायता दी जा रही है। विकास खंडों में स्थापित होने वाली, निर्यातक इकाइयों, फूड प्रोसेसिंग और रोजगार सृजक इकाइयों को भी सहायता मिलती है।




**रैली निकाली**

भोपाल के कमला पार्क में आज ठगी से पीड़ित परिवारों ने जमाकर्ता कंपनियां के खिलाफ रैली निकाल प्रदर्शन किया।






**मेट्रो एंकर**

## कई तरह की विसंगतियां उभरी

# 6 महीने से अधर में लोक शिक्षण की उच्च पद के प्रभार की प्रक्रिया

### अब 7 से 10 सितंबर के बीच की गई काउंसलिंग की अमान्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

स्कूल शिक्षा विभाग में चल रही उच्च पद के प्रभार की काउंसलिंग करीब 6 माह बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। अब लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त ने 7 से 10 सितंबर के बीच की गई काउंसलिंग को अमान्य कर दिया है। संशोधित काउंसलिंग 15 व 16 सितंबर को आयोजित की जाएगी। दरअसल, लोक शिक्षण में करीब छह महीने से उच्च पद के प्रभार की प्रक्रिया चल रही है। वरिष्ठ पदों का प्रभार ऊपरी पद पर दिया जाता है। विभाग में प्रधानाध्यापक से ऊपरी पद व्याख्याता का प्रभार मिलता है। लेकिन विभाग ने इन्हें व्याख्याता का प्रभार न देकर सीधे हाईस्कूल प्राचायज् बना दिया है।

#### जिन्हें प्राचार्य बना दिया, वह यथावत रहेंगे

लोक शिक्षण के अधिकारियों का कहना है कि संशोधित काउंसलिंग में जिनके नाम छूट गए थे या जिनकी पदस्थापना नहीं हो पायी है, वह इसमें शामिल हो सकेंगे। जिन एचएम को हाईस्कूल प्राचार्य बना दिया गया है, वह यथावत रहेंगे।

#### एक जैसी आनलाइन प्रक्रिया अपनाने की मांग

शासकीय अध्यापक संगठन के उपेंद्र कौशल का कहना है कि विभाग की उच्च पद की प्रभार प्रक्रिया समझ से परे होती जा रही है पहले कुछ लोगों की पदस्थापना ऑफलाइन कर दी। कुछ आनलाइन की है। कौशल की मांग है कि पूर्व में सभी ऑनलाइन आदेशों को निरस्त कर सभी के लिए एक जैसी आनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाए जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्ताव ने निर्देश जारी कर कहा है कि बीती 4 सितंबर को जारी निर्देश में उच्च श्रेणी शिक्षक प्रधान अध्यापक (माध्यमिक विद्यालय) से व्याख्याता पद के उच्च पद प्रभार हेतु 7 सितंबर से 10 सितंबर तक काउंसलिंग आयोजित की गई थी। अब प्राचायज् हाईस्कूल से नीचे के संवगोज्ं के लिए उक्त प्रक्रिया ऑनलाईन काउसलिंग सॉ टवेयर के माध्यम से की जाकर पद के प्रभार हेतु पदस्थापना आदेश जारी किए जाएंगे। इसे लेकर 7 से 10 सितंबर तक की गई काउंसलिंग अमान्य की जाती है। अब संशोधित काउंसलिंग 15 व 16 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

## सुविचार

''जिन्दगी का हर एक छोटा हिस्सा ही
हमारी जिदंगी की सफ़लता का बड़ा हिस्सा होता है।''
– अज्ञात

l ikndh;

# अब नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की नई करतूत से पूरे देश में गुस्सा है, दो बड़े सैन्य अफसरों,एक पुलिस अफसर व जवान की हत्या के बाद सेना ने हालांकि आतंकियों को सबक सिखा रही है लेकिन यह बात बहुत कचोटती है कि इतने बरस और इतने सियासी व प्रशासनिक बदलाव के बाद भी कश्मीर में आतंकवाद जड़ से साफ नहीं किया जा सका है। इसीलिये जब भी कोई घटना होती है तो आतंकवाद पर नकेल के दावों की कलई फिर खुल जाती है। अनंतनाग के पहाड़ी इलाके में जिस तरह आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक शहीद हो गए, उससे वहां आतंकवादियों की सक्रियता और उनके हौसले का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। इस घटना की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' यानी टीआरएफ ने ली है। पिछले महीने सेना के जवानों पर घात लगा कर हमला करने वाले भी ये ही आतंकी थे, जिसमें तीन जवान मारे गए थे। रजौरी में भी सेना और दहशतगर्दों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया था। हालांकि सेना ने लगातार कई आतंकी मारे भी हैं। मगर घुसपैठ पर पैनी नजर रखने का दावा कमजोर तब होता है जब सीमा पार से आकर आतंकी घाटी में अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। लिहाजा इस मामले में नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत नजर आती है,निश्चित ही सरकार ऐसा कर भी रही होगी। पिछले करीब नौ वर्षों से सघन तलाशी अभियान चलाया भी जा रहा है, उसमें आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण-प्रश्रय देने वालों के ठिकानों की पहचान की जाती रही है। दहशतगर्दी को वित्तपोषण करने वालों पर नकेल कसने के दावे किए जाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद लंबे समय तक वहां संचार माध्यम ठप रहे, लोग घरों में बंद रहे, भारी संख्या में सेना तैनात की गई थी। दावा भी हुआ कि आतंकवाद की कमर टूट गई है। मगर कर्फ्यू हटते ही आतंकवादी सक्रिय हो गए और उन्होंने अपनी रणनीति बदल-बदल कर सेना और पुलिस पर हमले करने शुरू किए इसी तरह आतंकियों को वित्तपोषण और हथियारों की आपूर्ति पर रोक लगाने के उस वक्त कमजोर नजर आने लगते हैं जब हमलों में हथियार और गोला-बारूद इस्तेमाल होता है। बीते कुछ अर्से में जिस तरह थोड़े-थोड़े दिनों पर इस तरह के आतंकी हमले होने लगे हैं और उसमें सुरक्षाबलों के लोग मारे जा रहे हैं, उसमें यह सवाल है कि आखिर यह सिलसिला कब व कैसे रूके। भारत जानता है और कहता भी रहा है कि घाटी में आतंक की जड़ें पाकिस्तान से सींची जा रही हैं। मगर इस वक्त सबसे चिंता की बात स्थानीय लोगों की भूमिका को लेकर है। घाटी में दहशतगर्दी खत्म करने का तरीका यही माना गया था कि स्थानीय लोगों को आतंकियों के खिलाफ खड़ा करना होगा। जब दहशतगर्दों को स्थानीय संरक्षण मिलना बंद हो जाएगा, तो उनकी जड़ें अपने आप सूख जाएंगी। मगर लगता तो यही है कि इस रणनीति पर काम बहुत आगे नहीं बढ सका। कश्मीर में विपक्षी दलों के नेता अक्सर कहते हैं कि संवाद से ही बात बनेगी, लेकिन पाकिस्तान या आतंकवाद के समर्थक माने जाने वाले नेताओं के साथ संवाद पर तो सरकार को फार्मूला बनाना होगा मगर केंद्र सरकार को स्थानीय सियासी दलों के साथ सघन राब्ता रखना भी लाभकारी हो सकता है,बहरहाल सरकार सारी जरूरतों और उसकी व्यवहारिकता को समझ ही रही होगी,उम्मीद है कि इस तरह की आम लोगों और सैन्य बलों की शहादतें खत्म होंगी।

## निशाना

### आपका अधिकार !



– कृष्णोन्द्र राय

खबर दिखाना, बात करना।
आपका अधिकार ।।
इस पर भला कोई कैसे ?
कर सकता प्रहार ।।
रहना लगे काम में।
जो लिया है ठान ।।
कम ना होने पाए।
आन बान शान ।।
बिना रोक-टोक के।
फ़र्ज़ है निभाना ।।
ना हो किधर झुकाव।
करके इसे बताना ।।
लगे न कोई दाग़।
रहे इस पर ध्यान ।।
आपके ही हाथ में।
आपका सम्मान ।।

## आज का इतिहास

- **1882–** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी बलवंत सिंह का जन्म 16 सितंबर 1882 को हुआ।
- **1893–** विजयी विश्व तिरंगा प्यारा गीत के रचयिता श्यामलाल गुप्त पार्षद का जन्म 16 सितंबर 1893 को हुआ।
- **1908–** जनरल मोटर्स निगम की स्थापना 16 सितंबर 1908 में की गई।
- **1916–** भारतीय अभिनेत्री और गायिका एम.एस. सुब्बालक्ष्मी का जन्म 16 सितंबर 1916 को हुआ।
- **1931–** भारतीय क्रिकेट अंपायर आर. रामचंद्र राव का जन्म 16 सितंबर 1931 को हुआ।
- **1932–** मच्छरों से फैलने वाली घातक बीमारी मलेरिया की खोज करने वाले नोबल पुरस्कार विजेता डॉ. रोनाल्ड रॉस का जन्म 16 सितंबर 1932 को हुआ।
- **1936–** प्रसिद्ध भारतीय इंजीनियर ज्वालाप्रसाद का निधन 16 सितंबर 1944 को हुआ जो कि वर्ष 1936 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रत्युकुलपति रहे।
- **1965–** परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक ए. बी. तारापोरे का निधन 16 सितंबर 1965 को हुआ।
- **1968–** भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी का जन्म 16 सितंबर 1968 को हुआ।
- **1977–** भारतीय अभिनेता सुशील आनंद का जन्म 16 सितंबर 1977 को हुआ।
- **2003–** 16 सितंबर 2003 में भूटान ने अहम सामरिक कदम उठाते हुए भारतीय हितों के खिलाफ अपनी जमीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया।

# बड़ी खामोशी से कांग्रेस को बदल रहे हैं खड़गे



**यूसुफ अंसारी**

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अब अपना पुराना ढर्रा छोड़कर नए रास्ते पर चल रही है। कांग्रेस के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बदलाव ला रहे हैं। यह बदलाव बहुत ख़ामोशी के साथ हो रहा है। खड़गे इसका कहीं कोई श्रेय भी नहीं ले रहे। हाल ही में कांग्रेस संगठन में हुए बदलाव से संकेत मिलते हैं कि कांग्रेस में अब पुराने नेतृत्व को आराम दिया जा रहा है। नए और अपेक्षाकृत युवा नेतृत्व को ज़िम्मेदारी सौंपी जा रही है। खड़गे बहुत ही खामोशी के साथ वरिष्ठ नेताओं की जगह नए लोगों को जिम्मेदारी देकर कांग्रेस को मजबूत करने कोशिश कर रहे हैं। सोमवार को मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस की नई केंद्रीय चुनाव समिति का पुनर्गठन किया। इसमें कई वरिष्ठ नेताओं का पता साफ कर दिया गया है। पुराने नेताओं में सिर्फ अंबिका सोनी और सलमान खुर्शीद इस कमेटी में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। बाद के नेताओं में मधुसूदन मिस्त्री और पीएल पुनिया रखे गए हैं। एके एंटनी और जनार्दन द्विवेदी को इस कमेटी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। दोनों ही नेता करीब 20 साल कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी के बेहद करीबी माने जाते थे। दोनों के बेटों ने कांग्रेस छोड़ बीजेपी का दामन थाम कर पार्टी में इन्हें शर्मिंदा किया है। इसे भी इनको हटाए जाने की बड़ी वजह माना जा रहा है।खड़गे ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव और बिहार से पिछले लोकसभा चुनाव में जीते कांग्रेस के एक मात्र सांसद मोहम्मद जावेद को केंद्रीय चुनाव समिति में जगह देकर उनका कद बढ़ाया है। इसी तरह कर्नाटक सरकार में मंत्री उत्तम कुमारपसल रेड्डी, केजे जार्ज, प्रीतम सिंह, अमी याज्ञनिक, ओंकार मकराम जैसे नेताओं को केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल करके न सिर्फ उनकी जिम्मेदारियों में इजाफा किया गया है बल्कि उनको पार्टी की निर्णयशक्ति का हिस्सा बनाया गया है। साफ संदेश यह है कि पार्टी अब पुराने नेताओं को आराम देकर नए नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देना चाहती है। कांग्रेस में केंद्रीय चुनाव समिति का काम लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव में टिकटों पर मुहर लगाना होता है। इसलिए कांग्रेस कार्यसमिति के बाद इसे सबसे ज़्यादा अहम माना जाता है।कांग्रेस की इस अहम कमेटी से एके एंटनी और जनार्दन द्विवेदी का पत्ता साफ करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इन दोनों नेताओं को इतनी महत्वपूर्ण कमेटी से बाहर रखकर कांग्रेस ने एक घोषित मार्गदर्शक मंडल बना दिया है। कुछ महीनों पहले ही एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था। तब एंटनी को इस पर पार्टी में काफी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी थी। करीब दो महीने पहले अपने राज्यसभा का कार्यकाल ख़त्म होने के बाद एके एंटनी ने दिल्ली छोड़ने का ऐलान किया था। तब उन्होंने यह भी कहा था कि अब वह सक्रिय राजनीति में नहीं रहना चाहते। केरल में ही रहेंगे। माना जा रहा है कि उनकी इसी इच्छा का सम्मान करते हुए उन्हें कांग्रेस कार्यसमिति में तो रखा गया है लेकिन केंद्रीय चुनाव समिति से बाहर कर दिया गया है।जनार्दन द्विवेदी का मामला एके एंटनी से अलग है। जनार्दन द्विवेदी को मई 2018 में हुए फेरबदल में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने महासचिव पद से हटाया था। तब वो संगठन के प्रभारी थे। उनकी जगह ये जिम्मेदारी अशोक गहलोत को दी गई थी। तब पार्टी ने बाकायदा एक चिट्ठी जारी कर महासचिव पद पर उनकी सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद किया था। महासचिव पद से हटने के बाद कार्यसमिति से वो बाहर हो गए थे। पांच साल पहले यह साफ हो गया था कि जनार्दन द्विवेदी को संगठन से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। जनार्दन द्विवेदी पर आरोप है कि वो कई साल से पार्टी लाइन से अलग चल रहे थे। उन पर ये आरोप रहा है कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद कई मुद्दों पर वो मोदी सरकार के साथ खड़े नज़र आए। अगस्त 2019 में जनार्दन द्विवेदी ने पहले तो जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने पर कांग्रेस के बजाय बीजेपी के रुख का समर्थन किया था। उसी साल दिसंबर में %भागवत गीता% पर हुए कार्यक्रम में उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ मंच साझा किया था। 2020 में उनके बेटे समीर द्विवेदी ने बीजेपी का दामन थाम लिया था। महासचिव पद से हटाए जाने के बाद से जनार्दन द्विवेदी पार्टी में अलग-अलग चल रहे थे। हालाँकि पिछले साल उदयपुर में हुए चिंतन शिविर में उन्हें बुलाया गया था। लेकिन इसके अलावा पार्टी के किसी अन्य कार्यक्रम में उन्हें नहीं बुलाया गया।

आराम देने के बाद राजनीतिक हलकों में यह चर्चा है कि क्या कांग्रेस में भी बीजेपी की तरह एक %अघोषित मार्गदर्शक मंडल% बन गया है? सोनिया गांधी और कांग्रेस पर कई किताबें लिख चुके वरिष्ठ पत्रकार रशीद किदवई इस विचार से असहमति जताते हैं। वो कहते हैं कि उम्र की वजह से कई नेताओं को जिम्मेदारियों से मुक्त ज़रूर किया गया है लेकिन पार्टी में %मार्गदर्शक मंडल% जैसा कुछ बना है, यह कहना उचित नहीं होगा। मिसाल के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह 90 साल से ज्यादा हो चुके हैं। उम्र के इस पड़ाव पर उनके सक्रिय राजनीति में अहम योगदान की उम्मीद नहीं की जा सकती?। इसी तरह एके एंटनी भी 82 साल के हो चुके हैं। उन्होंने खुद ही खुद को सक्रिय राजनीति से अलग कर लिया है। लेकिन कांग्रेस ने इन नेताओं के सम्मान को देखते हुए कार्य समिति में इन्हें जगह दी है?। राशिद इसे सामान्य प्रक्रिया मानते हैं कि उम्र की वजह से वरिष्ठ नेता जिम्मेदारियों से मुक्त हो रहे हैं और उनकी जगह नए नेताओं को ज़िम्मेदारी दी जा रही है।राशीद किदवई कहते हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस की बिखरी हुई ताक़त को एकजुट करने की कोशिश की है?। शुरुआत से ही कांग्रेस में हमेशा से एक नाराज तबका रहा है। मौजूदा दौर में इसे जी-23 के नाम से जाना जाता है। खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति के गठन के दौरान इनमें से कई नेताओं को जगह देकर सबको साथ लेकर चलने का संदेश दिया है। अब कांग्रेस में नाराज गुट लगभग समाप्त हो चुका है। इसी तरह से कर्नाटक के विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद खड़गे ने हर प्रदेश के नेताओं की अलग-अलग बैठक बुलाकर वहाँ भी आपसी गुटबाजी ख़त्म करने की कोशिश की है। इस साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की चुनौतियों से निपटने में खड़गे की ये कोशिशें रंग लाने वाली हैं।

एक बड़ी वजह यह है कि उदयपुर चिंतन शिविर और रायपुर कांग्रेस अधिवेशन के प्रस्ताव के बावजूद संगठन में हर स्तर पर आधे पदों पर 50 साल से कम उम्र के नेताओं को जगह नहीं मिली है। कांग्रेस में लंबे अरसे से बुजुर्ग और नौजवान नेताओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। खासकर राहुल गांधी के कांग्रेस में आने के बाद पार्टी में यह अंदरूनी जंग ज्यादा तेज हुई है। लेकिन जब जब पार्टी में नौजवान लोगों ने अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश की है, बुजुर्गों ने उन्हें पटखनी देते हुए अपने वर्चस्व को कायम रखा है। खड़गे बुजुर्ग तजुर्बे और युवा जोश के बीच संतुलन बनाकर चलने की कोशिश कर रहे हैं। जहां कार्यसमिति में रणदीप सुरजेवाला, अजय माकन और अलका लांबा जैसे राहुल गांधी के बेहद करीबी समझे जाने वाले लोगों को जगह मिली है, वहीं सोनिया गांधी के दौर से पार्टी में रहीं अंबिका सोनी जैसे दिग्गजों का वर्चस्व अभी भी कायम है। नाराज़ गुट से आनंद शर्मा और मनीष तिवारी जैसे नताओं को भी साथ लेकर चलने की कोशिश हो रही है वहीं कन्हैया कुमार जैसे युवाओं को भी आगे लाया जा रहा है। कुल मिलाकर खड़गे बगैर किसी शोर शराबे के कांग्रेस को बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# विकसित राष्ट्र बनने की राह में मौजूद चुनौतियां

**सुरेश सेठ**

भारत के नीति-नियंताओं के अनुसार आजादी के 75वें साल के बाद अब हम एक अमृत पथ के अनुगामी हैं। जब देश अपनी आजादी का शतकीय महोत्सव मनाएगा तो यह विकासशील देश नहीं रहेगा बल्कि विकसित राष्ट्र बन जाएगा। जो अनुमान इस रास्ते पर चलते हुए हमारी उपलब्धियों के लगाए जा रहे हैं वे निश्चय ही भारत का एक उजला चेहरा प्रस्तुत करते हैं। मार्गन स्टेनली एक विश्वसनीय सर्वेक्षण आंकड़ा संस्थान है। उसने भी 2023-24 के पूरे वर्ष में भारत की विकास दर को बढ़ाकर 6.2 प्रतिशत से 6.4 प्रतिशत कर दिया है। अप्रैल-जून, 2023 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। मार्गन स्टेनली 7.4 प्रतिशत का अनुमान लगा रहे थे। जब पूरी दुनिया महामंदी की शिकार हो रही है, भारत में न मांग में कमी आई है न ही घरेलू उत्पादन में। अगर विदेशी निवेश कम हुआ तो घरेलू निवेश ने जगह ले ली है। जिस स्थाई सरकार का अहसास मोदी जी ने पिछले 9 वर्ष में भारत को दिया है और अब अगले महाचुनाव के बाद भी इसी स्थायित्व के बने रहने का विश्वास दिलाते हैं, उसी से ही देश की शेयर मार्केट उत्साहित है।

यह देश की कामयाबी है कि एक दशक से भी कम समय में आर्थिक तरक्की पांच पायदान की छलांग लगाकर देश दसवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। इसका कारण था अर्थव्यवस्था, शिक्षा, वित्तीय क्षेत्र, बैंक डिजिटलीकरण और कल्याण का समावेशी और सामाजिक विकास। देश की आर्थिक विकास दर दुनिया में सबसे आगे है, इस पर कोई संदेह नहीं। देश का सकल घरेलू उत्पादन और सकल घरेलू आय निरंतर बढ़ रही है। इस समय 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार भारत 3.39 लाख करोड़ के सकल घरेलू उत्पाद के साथ ब्रिटेन को पीछे छोड़ गया। बहुत जल्दी वह जापान और जर्मनी को भी पीछे छोड़कर अमेरिका और चीन के बाद अपना स्थान ग्रहण कर लेगा। अर्नेस्ट एंड यंग कहता है कि 2028 तक भारत की जीडीपी 5 लाख करोड़ को पार कर जाएगी। जापान व जर्मनी हमसे पीछे रह जाएंगे और भारत विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में होगा। बहुत अच्छी खबरें हैं ये।पिछले बजट में ही भारत की वित्तमंत्री ने ऐलान कर दिया था कि अब हमारा ध्यान भारत के मूलभूत आर्थिक ढांचे को बनाने की ओर है। भारत के लिए पूंजी निर्माण की ओर है। इसीलिए देश में न केवल खेती और औद्योगिक व्यवस्था का कायाकल्प होगा बल्कि देश में विनिर्माण, सेवा और पर्यटन क्षेत्र को भी नई रंगत दे दी जाएगी। लेकिन कुछ प्रश्न हैं जो अंतर्निहित संकट की ओर इशारा करते हैं।



सवाल यह कि देश में बेरोजगारी की समस्या क्यों हल नहीं हुई? महंगाई का संकट क्यों पैदा हो गया? भ्रष्टाचारियों के नये-नये कारनामे रुक क्यों नहीं रहे हैं। उधर हमारी विधानसभाओं से लेकर हमारी संसद के सत्रों में आरोपित और दागदार चेहरों की भरमार होती जा रही है। विश्व के भ्रष्टाचार सूचकांक बताते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन की घोषणाओं के बावजूद अपने देश में भ्रष्टाचार की सघनता कम नहीं हुई। देश में परिवारवाद और रियायतों की रेवड़ियां खत्म करने की बहुत-सी बातें की जाती हैं लेकिन जैसे ही चुनावों की घोषणा होती है, उम्मीदवारों में नये खून के नाम पर स्थापित राजनीतिक विभूतियों के परिवार से जुड़े हुए लोग किसी न किसी चोर दरवाजे से नजर आने लगते हैं। हर दल का एजेंडा चुनावी घोषणा पत्रों के साथ आम लोगों के लिए तर्कहीन रियायतों और अनुकम्पाओं से भरा होता है।

सवाल शिक्षा नीति को लेकर भी, कि क्या हमने नई शिक्षा नीति का आकलन किया है कि उसके द्वारा चलाए गए शिक्षा संस्थानों में पाठ्यक्रम पुस्तकें और अध्यापन बदल गया है? जो नई पीढ़ी सामने आए, वह क्या बिल्कुल नये युग और 21वीं सदी के तकाजों के अनुरूप हो। वास्तविकता यह है कि पुरानी डिग्रियां लगभग नाकारा लगती हैं और डिजिटल हो जाने या इंटरनेट की सामर्थ्य केवल एक चुने हुए वर्ग तक ही सीमित रहती नजर आती है। शहरों और कस्बों तक ही सिमटी नजर आती है। जब आयकर रिटर्न दाखिल करने का समय आता है तो इनकी संख्या 7 करोड़ से ऊपर नहीं होती। उसमें से भी आधी रिटर्न ऐसी होती हैं जिनमें कोई कर देय नहीं होता। सवाल ये भी है कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर धनराशि का आवंटन प्रतिशत कम क्यों हो रहा है। मनरेगा के लिए धनराशि का आवंटन कम क्यों कर दिया गया? मनरेगा को किसी निर्दिष्ट कार्य योजना के साथ क्यों नहीं जोड़ा गया? सहकारी आंदोलन और लघु एवं कुटीर उद्योगों का विकास प्राथमिकता क्यों नहीं बनती? और लघु व कुटीर उद्योगों का विकास स्टार्टअप उद्योगों में भी नजर नहीं आता। ये कुछ ऐसे प्रश्न हैं जो देश के 21वीं सदी के शुभ आगमन के रास्ते में खड़े नजर आते हैं।

इन समस्याओं के समाधान के बाद ही हम 2047 में भारत के विकसित राष्ट्र बन जाने की कल्पना को साकार करेंगे। मौजूदा चुनौतियों का गंभीरता के साथ मुकाबला करने की जरूरत है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

### कलेक्टर एवं एसपी ने सेठानी घाट एवं शहर के निचले इलाकों का किया निरीक्षण..

# भारी वर्षा के दृष्टिगत अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट रहें : कलेक्टर


हरदा नर्मदा पुरम मार्ग बंद करती हुई गंजाल नदी।


देर रात का तवा बांध के तेरा गेट खुलने का मनोरम दृश्य।





**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

लगातार भारी वर्षा को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी कर्मचारी अलर्ट रहें। कोई भी अधिकारी मुख्यालय से बाहर न जाए। आपदा प्रबंधन से संबंधित सौंप गए दायित्वों पूरी तत्परता से क्रियान्वयन करें। मां नर्मदा तट के ग्रामों में तटों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की मुनादी कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने राजस्व ,नगरपालिका, जनपद , होमगार्ड एवं अन्य आपदा प्रबंधन से संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

शुक्रवार को कलेक्टर श्री सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह ने लगातार भारी वर्षा एवं तवा बांध से पानी छोड़े जाने के दृष्टिगत नर्मदापुरम नगर के सेठानी घाट एवं अन्य ग्वालटोली , संजय नगर आदि निचले इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने एसपीएम स्थित राहत पुनर्वास केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने नगर पालिका को निर्देश दिए की चिन्हित राहत पुनर्वास केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रहें। आवश्यकता पड़ने पर निचले इलाकों से लोगों को इन केंद्रों में शिफ्ट किया जाए। निचले इलाकों के रहवासियों को सतर्क करने के लिए मुनादी भी की जाए। होमगार्ड एवं एसडीआरएफ का बल भी मुस्तैद रहें।

उन्होंने सेठानी घाट स्थित कंट्रोल रूम एवं कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का प्रभावी क्रियान्वन करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं एसपी ने लेंडीया नाले स्थित पंप हाउस का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को तैनात करने और आवश्यकता पड़ने पर पंप का व्यवस्थित संचालन करने के निर्देश दिए। ताकि शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हों। बता दे कि लेंडीया नाले स्थित पंप हाउस पर 100 -100 हॉर्स पावर के 4 पंप और 75 -75 हॉर्स पावर के 4 पंप इस प्रकार कुल 8 पंप सक्रिय हैं। जिनके जल प्रवाहित करने की क्षमता 420 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड है। जिससे भारी वर्षा के दौरान शहर का जलस्तर 954 फिट होने की स्थिति में सतरस्ता चौक , हलवाई चौक , जिला चिकित्सालय सहित अन्य प्रमुख स्थानों से होकर आने वाली पानी को नर्मदा में प्रभावित किया जाएगा। जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह , सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, एसडीओपी पराग सैनी, नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान ,नगरपालिका से प्रशांत जैन, प्रतिमा बेह्लिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

### तवा और बरगी बांध के खोले गए गेट

कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना वी के जैन ने बताया कि तवा डैम के कैचमेंट में लगातार भारी वर्षा हो रही हैं। जिसके चलते तवा डैम के 13 गेट 20-20 फीट तक खोले गए हैं। जिससे लगभग 11328 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जाएगा। यह यह पानी लगभग 11ः00 बजे नर्मदापुरम के सेठानी घाट पहुंचेगा। जिससे सेठानी घाट पर नर्मदा नदी का जलस्तर अधिकतम 960 फीट बढ़ने की संभावना हैं।

इसी प्रकार बरगी बान्ध जबलपुर का वर्तमान लेवल 422.85 मीटर है। जो एफआरएल से अधिक है और निरंतर बढ़ रहा है। बान्ध के कैचमेंणट एरिया मे विगत 48 घण्टे में 79 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। शुक्रवार शाम 5 बजे 3288 क्यूमेक जल की निकासी 13 गेटों (औसत उँचाई 1.65द्व) से की जायेगी। जिसका पानी लगभग 36 घंटे में नर्मदापुरम पहुंचेगा। सभी से आग्रह है कि नर्मदा तट के घाटों पर से उचित दूरी बनाए रखें।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुचारू है कंट्रोल रूम

कलेक्ट्रेट कार्यालय नर्मदापुरम में बाढ़ कंट्रोल रूम सुचारू रूप से संचालित हैं। जिसका दूरभाष क्रमांक 07574251292 हैं। कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है, जिसके लिए तीन शिफ्ट में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है।

## क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से तवा बांध के 13 गेट खोले

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा सहित नर्मदा पुरम जिले में लगातार हो रही तेज बारिश के कारण नदी नाले उफान पर हैं कई जगह आवागमन भी बंद हो गया। कल सुबह से हो रही बारिश के चलते तवा बांध के कल सुबह 10ः30 बजे पांच गेट खोले गये थे 12ः00 बजे, जिनको बढ़ाकर 9 गेट 8 फिट कर दिए और दोपहर 2ः00 बजे तक तवा बांध के तेरह गेट 11 फीट की ऊंचाई तक खोले गए जिससे 2 लाख 633 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। स्थल निरीक्षक बशारत खान ने जानकारी देते हुए बताया कि बैतूल जिले एवं इटारसी के पहाड़ों में अधिक बारिश होने के कारण बांध में पानी तेजी से बढ़ रहा है बैतूल जिले के सारणी मे स्थित सतपुड़ा बांध के गेट भी खुले हैं और वहां से 1 लाख 17 हजार क्यूसेक पानी तवा नदी में छोड़ा जा रहा है जो तवा बांध के कैचमेंट क्षेत्र में आने के कारण तवा बांध के तेरह गेट 11 फीट ऊंचाई तक खोले गए हैं।

अभी मौसम विभाग के अनुसार भारी बारिश के आसार बने हुए हैं, ऐसे में बांध में तेजी से पानी आएगा और निर्धारित जलस्तर 1166 से अधिक पानी बांध में न आए, इसलिए एतियात के तौर पर पूर्व से ही पानी निकालकर जलस्तर को मेंटेन किया जा रहा है।

### तेज बारिश से हरदा-नर्मदा पुरम मार्ग सहित सैकड़ों गांव के मार्ग हुए बंद

शुक्रवार की सुबह से हो रही तेज बारिश के कारण क्षेत्र के नदी नाले तूफान पर हैं जहां मोरन नदी और गंजाल नदी के संगम पर बने गंजाल पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण हरदा और नर्मदा पुरम मार्ग रात में ही बंद हो गया था जो अभी तक बंद है ऐतिहातिक तौर पर शिवपुर पुलिस ने व्यवस्था संभाल रखी है जिससे कि बाढ़ का पानी पुल के ऊपर से होने के कारण कोई वाहन पर ना कर सके। वही अमलाडा कला और पगढाल के बीच में बहने वाली मोरन नदी के पुल के ऊपर से 15 फिट पानी ऊपर बह रहा है जिसके कारण से रास्ता पूर्णता बंद हो गया। लगभग 20 गांव का रास्ता अवरुद्ध हो गया,वही सिवनी मालवा से बाराखड जाने वाले रास्ता भी बंद है।जिससे भी पचासों गांव के लोगो का आना जाना है। वही निर और जीरावेर के बीच में बहने वाली नदी ने भी अपना विकराल रूप दिखाया जिससे भी रास्ता बंद है।

# आत्मा योजनांतर्गत कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र पवारखेड़ा में

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्स्टेंशन (आत्मा) अंतर्गत कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र पवारखेड़ा में शुक्रवार को कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा (खरीफ इंटरफेस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा जिला नर्मदापुरम जे.आर. हेडाऊ द्वारा कृषकों को वर्तमान फसल स्थिति अनुसार वैज्ञानिकी एवं प्रक्षेत्र अधिकारी/कर्मचारियों से निरंतर समन्वय कर समस्याओं के समाधान हेतु प्रेरित किया गया। फसलों की वर्तमान स्थिति अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र, बनखेड़ी से आये कृषि वैज्ञानिक डॉ ब्रजेश नामदेव द्वारा खरीफ फसलों में कीट व्याधि के प्रबंधन के रासायनिक / जैविक उपाय बताये गये एवं डॉ देविदास पटेल द्वारा प्राकृतिक खेती में उपयोगी घटक बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, दशपर्णी घोल, छाछ के उपयोग एवं फसलों की नवीन किस्मों की विस्तृत जानकारी दी गई।


कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का हुआ आयोजन

कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा से उपस्थित हुए सहायक प्राध्यापक डॉ विकास जैन द्वारा भूमि संरक्षण, नरवाई प्रबंधन एवं फसलों के पैकेज आफ प्रेक्टिस संबंधी जानकारी कृषको को दी गई एवं सहायक प्राध्यापक डॉ विनोद बेड़ा द्वारा फसलों की उन्नतशील किस्मों एवं फसल उत्पादन तकनीक विषय पर विस्तृत विवरण दिया। कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक खांडे, द्वारा पौषक तत्व प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण आदि विषयों से कृषकों को जागरुक किया गया। उन्नतशील कृषक गोपाल कुशवाहा द्वारा खेती में नवाचार अंतर्गत किये गये कार्यो का अनुभव कृषको से साझा किया गया।कार्यक्रम का संचालन ग्रा.कृ.वि.अधि राजेश चौरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र उपेंद्र शुक्ला, कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेंद्र पटेल, उप परियोजना संचालक आत्मा गोविन्द मीना, सहायक संचालक जे. एल. कास्दे, राजीव यादव, श्रीमति अर्चना परते एवं जिले के समस्त विकासखंडों - के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बीटीएम एटीएम के साथ कुल 50 अधिकारी/कर्मचारी एवं उन्नतशील 50 कृषकों की उपस्थिती रही । गोविन्द मीना, उप परियोजना संचालक आत्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारी/वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त करने उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मोरटक्का में नर्मदा का पुल डूबा

**खंडवा।** ओंकारेश्वर बांध से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा बढ़ने से मोरटक्का में नर्मदा नदी का पुल जलमग्न हो गया है। पुल के ऊपर से लगभग सात फीट पानी बह रहा है यहां नर्मदा नदी का जलस्तर 168 मीटर खतरे के निशान को लांघ कर 172 मीटर तक पहुंच गया है। नर्मदा में आई बाढ़ से मोरटक्का और खेड़ी घाट के आसपास की निकली बस्तियों में पानी भरने से पुलिस ने उन्हें खाली करवा दिया है। मोरटक्का पुलिस चौकी प्रभारी शिवराम जाट ने बताया कि सुबह 8ः 00 बजे बाद से पुल के ऊपर पानी पहुंचने लगा था।अभी करीब 42 हजार क्युमेक्स पानी ओंकारेश्वर बांध से छोड़ा जा रहा है। इससे पुल पर छह से सात फीट पानी है। पुल से अल सुबह से ही वाहनों की आवाजाही रोक दी है। मोरटक्का में गोपाल मिडवे सहित आसपास की बस्तियों में पानी पहुंच गया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।इधर ओंकारेश्वर में भी नर्मदा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने से ब्रह्मपुरी घाट के वाहन स्टैंड में पानी पहुंच गया है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम व वीवीपीएटी वेयर हाउस का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के तवाभवन स्थित ईवीएम /वीवीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मनोहर बढ़ानी , अनोखी लाल राजोरिया , धर्मेंद्र तिवारी , फैजान उल हक , राजेंद्र मालवीय तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे, कार्यपालन यंत्री कुबेर सिंह मिर्धा उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** 9 महीने पहले मंत्री,सांसद,विधायक ने किया था भूमि पूजन

# आज भी ग्रामीण आस लगाए बैठे हैं रोड निर्माण के लिए

**सिवनी मालवा/संतोष सिंह चंदेल**

वास्तविक विकास क्या होता है जिसको धरातल पर अगर देखना हो तो ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देता है,नगर से महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत फरीदपुर के अंतर्गत आने वाले टोला धावड़ा घाट से बावडीया भाऊ मार्ग जो 25 लाख की लागत से बनना था।




जिसके के लिए 21 फरबरी 2023 को नर्मदा पुरम जिले के प्रभारी मंत्री विजेंद्र प्रताप सिंह के मुख्य अतिथि मे उदयप्रताप सिंह सांसद,प्रेमशंकर वर्मा विधायक श्रीमति रेणुका मृगेंद सिंह मंडलोई जनपद अध्यक्ष महेश गोयल- पूर्व मंडी उपाध्यक्ष श्रीमति मधु धुर्वे ÷जि.पं. सदस्य श्रीमति हेमलता मनीष वर्मा जनपद सदस्य के करकमलों द्वारा दि. 21.2.2023 को सरपंच दिनेश कुमार करदोने सचिव मोनिका मालवी सहसचिव शिवराम किर की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया था। लेकिन आज तक धरातल पर 9 माह बीतने के बाद भी उस रोड का निर्माण नहीं हुआ है, ग्रामीण आज भी रास्ता देख रहे हैं कि कब रास्ता बनेगा वहीं उप सरपंच गंभीर सोलंकी ने आरोप लगाते हुए कहा कि अगर रोड निर्माण करना ही नहीं था तो ग्रामीणों को झूठा आश्वासन देकर बड़े-बड़े नेताओं के द्वारा यह शिलान्यास क्यों किया गया वही उपसरपंच ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरपंच एवं सचिव द्वारा कुछ भी किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी जाती ना कोई आम सभा ली जाती है सरपंच एवं सचिव अपनी मर्जी से कार्य कर रहे हैं। आज हमारे गांव के सैकड़ो की आबादी वाला पारदी टोला आज भी शासन से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित है यहां पर ना तो रोड है ना नाली है यहां तक की स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के अंतर्गत हर गरीब परिवार को मिलने वाली शौचालय की सुविधाओं से भी हम लोग वंचित है हमारी पंचायत में सिर्फ काम कागजों पर हुआ है आजादी के 77 वर्ष बीतने के बाद भी हम आज शासन से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। वहीं संतोष बकोरिया कांग्रेस आई टी सेल ब्लॉक अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा के कार्यकाल में सिर्फ कागजों पर विकास हुआ है। आज भी सिवनी मालवा विकासखंड के ऐसे कहीं ग्राम है जहां पर शासन द्वारा नल जल योजनाएं,रोड निर्माण,नाली निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है जिसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत आमलाडा कला और फरीदपुर में देखने को मिलता है। जो जिला अधिकारियों के लिए एक बड़ी जांच का विषय है।

### फरीदपुर में बनी लाखों की नाली लेकिन फिर भी गंदा पानी सड़कों पर

ग्राम पंचायत फरीदपुर में भ्रष्टाचार का आलम चरम पर है जिसे देखते ही बनता है सैकड़ो ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर आरोप लगाते हुए बताया कि सरपंच द्वारा शासन की योजनाओं की कोई भी जानकारी नहीं दी जाती है वही सचिव भी महीनों नहीं आती है। ग्राम पंचायत फरीदपुर में 3 लाख 67 हजार की लागत से नाली का निर्माण किया गया जो श्रीमती मधु धुर्वे के घर से कपास काकोड़िया के घर तक बनी हुई है लेकिन नालियों का गंदा पानी आज भी सड़कों पर बहता हुआ दिखाई देता है। वहीं कई जगह नालियां मिट्टी से भर गई है जो आज खाली करने की आवश्यकता है इसी प्रकार से फरीदपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम अमलाडा खुर्द में भी 2 लाख 93 हजार से नाली का निर्माण किया गया है जो भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है गांव वालों ने इसकी जांच करने की भी मांग की है।



### गौशाला में नहीं है पर्याप्त गोवंश

# जरूरत से ज्यादा संख्या में गोवंश दर्शाकर सरकार को लगा रहे लाखों रुपए का चूना

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

एक तरफ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आम गरीब परिवारों से लेकर हर वर्ग को खुश करने में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल गौ संरक्षण और गौशाला की हालत बद से बदतर होती जा रही है गौशाला में गायों के लिए खाने के लिए ना भूसा है और ना ही उनके इलाज के लिए पर्याप्त डॉक्टर। विगत कुछ दिनों में सिरोंज तहसील के अंतर्गत भूख और बीमारी के चलते कई गायों की मौत हो चुकी है परंतु शासन और प्रशासन इन गायों की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही सरकार द्वारा लाखों रुपए गौशालयों के संचालन के लिए तो दिए जाते हैं परंतु मौके पर उन पैसे का उपयोग गायों की रक्षा और सुरक्षा के लिए नहीं किया जाता बल्कि वह राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है जिसका जिम्मेदार सरपंच सचिव से लेकर संबंधित अधिकारी होते हैं। तहसील कार्यालय से 20 किलोमीटर दूरी पर ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के ग्राम चितौरा में बनी शिवनंदनी गौशाला की हालत बहुत खराब है 2 से 3 महीने पहले क्षेत्रीय विधायक हरि सप्रे ने इस गौशाला का लोकार्पण किया था तो वही गौशाला में सभी व्यवस्थाओं के लिए राशि आवंटित करने की भी बात रखी थी इस गौशाला में गायों की सेवा के नाम पर केवल औपचारिकता ही की जा रही है ना तो समय पर गायों को भूसा मिल रहा है और ना ही समय पर उनका इलाज हो पा रहा है यहां गौशाला में विगत दो से तीन दिनों में 7 से 8 बछड़ों और गायों की मौत हो गई है तो वही गौशाला से संबंधित सरपंच और समिति के सदस्य अध्यक्ष इस बात से पल्ला झाड़ रहे हैं इसको लेकर आसपास के ग्रामीण में गौशाला संचालित करने वाले लोगों और समिति के सदस्यों के प्रति आक्रोश है। भाई ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला चलाने की जिम्मेदारी समिति की होती है इस गौशाला की ना तो समिति का पता है और ना ही अध्यक्ष का सरपंच के चाचा के लड़के को समिति का अध्यक्ष बना दिया गया तो वहीं सचिन को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है 2 से 3 महीने पहले विधायक हरि सपना द्वारा इस गौशाला का लोकार्पण किया गया था उसे समय इस गौशाला में सरपंच सचिव द्वारा पंखे लगा दिए गए थे तो वही खाने के लिए पर्याप्त भूसे की व्यवस्था कर दी गई थी परंतु अब यहां ऐसा कुछ नहीं है।

गोवंश के नाम पर निकाली राशि, मौके पर मौजूद नहीं है आधे पशु, 20 रूपये प्रति पशु की दर के हिसाब से निकाली 122 पशुओं के लगभग सवा लाख रुपये - ग्राम पंचायत सुल्तानपुर की ग्राम चितौरा मैं संचालित शिवनंदनी गौशाला के नाम पर लाखों रुपए की हेरा फेरी का काम किया जा रहा है जून के महीने में शुरू हुई गौशाला में पशुओं की संख्या 122 दिखाई गई । जून और जुलाई महीने मैं 122 पशुओं के नाम पर 20 रूपये प्रति पशु की दर से लगभग 112240 रुपए के बिल लगाकर राशि आवंटित की गई। जबकि मोके पर सिर्फ 60 से 65 गोवंश ही मौजूद है। बड़ी बात यह है कि जब हमने शिवनंदनी गौशाला संचालित करने वाली समिति के अध्यक्ष जाकिर से इस समय संबंध में बात की तो उन्होंने राशि आवंटित न होने की बात हमें बताई जबकि 122 पशुओं के बिल लगाकर इन्होंने यह राशि जून और जुलाई माह में ही आहरित कर ली है पशुओं के रखरखाव और खान-पान के लिए लाखों रुपए की राशि गौशाला में समिति संचालक निकल रहे हैं जबकि यह राशि उन गोवंशों पर खर्च ही नहीं की जा रही।




2 महीने पहले विधायक ने किया लोकार्पण, गौशाला में नहीं है पर्याप्त भूसा, आए दिन भूख और बीमारी से दम तोड़ रही गाय और बछड़े

### समय पर नहीं मिल रहा इलाज, कुछ भूख से तो कुछ बिना इलाज के तोड़ रहे दम

ग्राम चितौरा में बनी शिवनंदनी गौशाला में अभी लगभग 60 से 65 गाय उपस्थित है वही इन गायों को ना तो समय पर इलाज मिल पा रहा है और ना ही इनके लिए गौशाला में कोई उचित व्यवस्था की गई है बरसात की वजह से गौशाला में बहुत ज्यादा मच्छर और गंदगी पनप रही है जिसकी वजह से इन्हें कई गंभीर बीमारियां होने से बछड़ों और गायों की तड़पकर मौत हो रही है गांव वालों के द्वारा डॉक्टर को भी कई बार इलाज के लिए बुलाया गया पर समय पर ना तो डॉक्टर पहुंचने और ना ही इनका इलाज करते वही गौ सेवक करने वाले का कहना है कि मेरे द्वारा जब इन बीमार गायों का इलाज के लिए बोला गया तो डॉक्टर कहा कि मैं बार-बार नहीं आ सकता आप खुद इंजेक्शन लगाना सीख लो दवाई अस्पताल से लाकर यहीं रख लो ।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा गायों की खाने के लिए भूसे की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है तो वही डॉक्टर को भी बुलाकर समय पर उनका इलाज कराया जा रहा है वहां पर विद्युत की व्यवस्था नहीं होने की वजह से पंखे की व्यवस्था नहीं हो पा रही मोटर चलाने की व्यवस्था भी हमने बहुत दूर से डोरी खींचकर की है हमारे द्वारा विधायक को भी इस बारे में अवगत कराया गया है अभी जितना भी भूसे या रखरखा पर खर्च हो रहा है वह सब हमारी जेब से ही कर रहे हैं सरकार की तरफ से अभी तक हमें कोई राशि नहीं मिली है।

**जाकिर खांन**,अध्यक्ष शिवनंदनी गौशाला ग्राम चितौरा सुल्तानपुर

क्षेत्र में संचालित हो रही गई सभी गौशालाओं में शासन प्रशासन की तरफ से रखरखाव से लेकर भूसे की व्यवस्था भी की जाती है तो हमारी सरकार गौ माता स्वास्थ्य से लेकर उसकी सभी तरह की व्यवस्थाओं के लिए प्रतिबद्ध है यदि समिति के संचालन में कोई कमी आती है तो उन पर हम कार्रवाई करेंगे।

**हरि सप्रे**,विधायक कुरवाई विधानसभा क्षेत्र।

हम संबंधित गौशाला का निरीक्षण कर जांच करने के लिए निर्देशित करते हैं तो वहीं क्षेत्र में हो रही गौशालाओं को व्यवस्थित तरीके से उनके रखरखाव और खाने पीने की व्यवस्था को लेकर भी जांच कराएंगे और यदि कोई भी कमी पाई जाती है तो संबंधित समिति के सदस्यों और सरपंच सचिव के खिलाफ भी कार्रवाई करने का कार्य करेंगे।

**योगेश भरसट**,जिला सीईओ विदिशा

## व्यापार महासंघ सिरोंज का सिरोंज जिला बनाओं आन्दोलन आखिर क्यों हुआ स्थागित!

**सौशल मीडिया पर जनचर्चा का विषय - आखिर किस के इषारे पर हुआ आन्दोलन स्थागित, इस मामले को लेकर व्यापार महासंघ में हुए दो गुट**

**सईद खांन,सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज व्यापार महासंघ सिरोंज को जिला बनाने के लिए पूरे जोष के साथ मैदान में उतरा था। तो वही व्यापार महासंघ द्वारा 13 सितम्बर से लेकर 18 सितम्बर तक लगातार अलग अलग तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी दी गई थी। साथ ही सिरोंज को जिला बनाने को लेकर संघ द्वारा एक पत्रकार वार्ता भी आयोजित की गई थी। जिसके बाद आंदोलन स्थागित हो गया। इस मामले को लेकर व्यापार महासंघ सिरोंज काफी मतभेद उत्पन्न हो गए और आपसी में भी खीचतान मच गई। क्योकि सिरोंज का हर व्यापारी व हर नागरिक व्यापार महासंघ के सदस्यों से पूछ रहा है कि आंदोलन स्थागित क्यों हो गया। लेकिन कोई जवाब नही दे पा रहा। व्यापार संघ के जिम्मेदार पदाधिकारी व सदस्यों ने मीडिया से कहा कि इस बारे में तो हमारे अध्यक्ष ही बता पाएगें। व्यापार महासंघ ने प्रषासन को चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौपे थें। वही उन्होने कहा था कि सिरोंज व्यापार महासंघ द्वारा सिरोंज को जिला बनाने के संबंध में अनेकों बार मुख्यमंत्री को पत्र व्यवहार किया है परंतु एक भी पत्र का कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ अब सिरोंज व्यापार महासंघ चरण वध तरीके से अपना आंदोलन प्रारंभ कर रहा है सर्वप्रथम 13 सितम्बर को पत्रकार वार्ता व्यापारी विश्रामगृह कृषि उपज मंडी की गई। जिसमें 13 से 18 सितम्बर तक किए जाने वाले आंदोलन की जानकारी धोनी विस्तारक यंत्रों से संपूर्ण शहर में की जानी थी। वही 14 सितम्बर को महासंघ द्वारा समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पेंपलेट चिपका कर एवं काली पट्टी का वितरण कर व्यापारियों को जागरूक के लिए किया जाना था। और 15 सितम्बर को पूरे शहर के व्यापारी सिरोंज जिला बनाने के लिए काली पट्टी बांधकर व्यापार करने को कहा गया था। 16 सितम्बर को दोपहर 2 बजें से कठाली बाजार स्थित शीतला माता मंदिर से सिरोंज जिला बनाओं जागरूक रैली निकाली जानी थी। 17 सितम्बर को नगर के मुख्य बाजार में विषाल धरना प्रदर्षन किया जाना था। तो वही 18 सितम्बर को सिरोंज व्यापार महासंघ की ओर से सिरोंज के समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान, गल्ला मंडी, मेडिकल स्टोर, समस्त पेट्रोल पंप बंद करने का आव्हान किया गया था। सिरोंज बंद के समर्थन में शहर के समस्त व्यापारिक संगठन शामिल थें। जिसमें वस्त्र व्यापार संघ, अनाज तिलहन व्यापार संघ, किराना व्यापार संघ, सराफा व्यापार संघ, इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रिकल व्यापार संघ, बर्तन व्यापार संघ, मशीनरी व्यापार संघ, हार्डवेयर एंड सेनेटरी व्यापार संघ, मिष्ठान व्यापार संघ, औषधि विक्रेता व्यापार संघ, मोबाइल व्यापार संघ, फुटवियर व्यापार संघ, जनरल स्टोर स्टेशनरी व्यापार संघ, कीटनाशक व्यापार संघ आदि ने व्यापार संघों ने अपने अपने व्यापार बंद करने की बात कही थी। साथ ही सिरोंज व्यापार महासंघ का आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से व्यापारिक मर्यादा में पूर्ण करने को कहा गया था। व्यापार संघ का आंदोलन स्थागित होना सोषल मीडिया पर जनचर्चा का विषय - जिस तेजी के साथ व्यापार महासंघ ने आंदोलन के लिए कदम आगे



### इनका कहना है

मैने पत्रकार वार्ता में पहले ही कहा था कि मुख्यमंत्री सिरोंज आ रहें थे इसलिए आंदोलन चालू किया था। लेकिन अब मुख्यमंत्री के नही आने की बजह से आन्दोलन स्थागित कर दिया गया।

**पदम ताम्रकार**,अध्यक्ष,व्यापार महासंघ सिरोंज।

हम सभी व्यापारी चाहते है कि सिरोंज जिला बनें और इसके लिए आंदोलन भी हो। आन्दोलन स्थागित क्यों किया गया इसकी जानकारी मेरे पास नही है। आप अध्यक्ष से बात कीजिए।

**अर्पित मित्तल**,सचिव, व्यापार महासंघ सिरोंज



### कुर्मी समाज ने नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लगाने की रखी मांग

**सिरोंज ।** नगर में सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर शुक्रवार को कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू को ज्ञापन देकर प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष भैरो सिंह कुर्मी, किन्नर सिंह, रघुवीर सिंह, नवल सिंह, ओम प्रकाश पटेल, तुलसी राम, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मण सिंह कटियार ओर युवा कुर्मी क्षत्रिय संगठन के लगभग दो दर्जन सदस्य मौजूद थे।

## भारत स्काउट गाइड संघ विदिशा के निर्विरोध जिला उपाध्यक्ष बने : राजीव जैन सैनानी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

भारत स्काउट गाइट जिला संघ विदिषा के निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुए। जिसमें सिरोंज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एंव अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी को पुनः निर्विरोध जिला उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर श्री सैनानी ने कहा कि जिले में जिला षिक्षा अधिकारी जीपी राठी एंव संघ के सचिव हरिहर चतुर्वेदी के नेतृत्व में स्काउट गाइट की गतिविधियां तेज हुई है और छात्र-छात्राओं को इस ओर स्काउट गाइड में लाने का प्रयास किया जा रहा है। वही जिला कमिष्नर जीपी राठी के निर्देषन में अब प्रत्येक ब्लॉक में स्काउड गाइड के षिविर आयोजित किए जाएगें। साथ ही स्काउड गाइड की गतिविधिओं की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी जाएगी। प्रत्येक शहर में स्काउड गाइड को सामाजिक क्षेत्र में समाज के हित में जो बच्चे षिक्षा से दूर रह गए है। उन छात्रों को पुनः षिक्षा के क्षेत्र में लाने के लिए अहम प्रयास किए जाएगें। उल्लेखनीय है राजीव जैन सैनानी सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एंव प्रदेष में राज्य स्तरीय पत्रकारिता के संगठनों का प्रतिनित्व कर रहें है। इसके साथ ही मध्यप्रदेष शासन के अधिमान्य पत्रकार है। वही विभिन्न सामाजिक संगठनों में कई पदों में रहकर समाज के हित में कार्य कर रहें है। ड्रग ऐसोषियन सिरोंज के उपाध्यक्ष के साथ षिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य कर रहें हे।





### रुक-रुक कर होती रही दिन भर बारिश

**सिरोंज।** शुक्रवार को दोपहर के बाद से ही दिन में रुक-रुक कर हल्की हो तेज बारिश होने से निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों को जरूर असुविधा का सामना करना पड़ा तलैया मोहल्ले की सड़के तालाब में तब्दील हो गई। इसी तरह की बारिश निरंतर जारी रहती है तो केथन डैम के जल में भी वृद्धि होगी दूसरी ओर दिनभर पानी गिरने से तपामन में गिरावट आ गई ।

### विकास आयुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश भोपाल

भोपाल, दिनांक 12.9.23

**नीलामी सूचना**

क्रमांक 8216/22/ वि.1/ स्टोर/ 23 विकास आयुक्त कार्यालय स्टोर की निष्प्रयोज्य सामग्री कम्प्यूटर उपकरण, फर्नीचर लकड़ी, फर्नीचर,लोहा, इलेक्ट्रॉनिक टाईपराईटर, लोहे के टाईपराईटर एवं फोटो कापी मशीन इत्यादि सामग्री 'जहां हैं, जैसी स्थिति में है' के आधार पर नीलाम की जाना है। निविदा फार्म व निविदा की शर्ते रुपये 500/-( पांच सौ मात्र जो वापसी योग्य नहीं) जमा कर लेखा शाखा से दिनांक 18.9.23 को 11.00 बजे से प्राप्त की जा सकती है। निविदायें दिनांक 22.9.23 को दोपहर 1.00 बजे तक स्वीकार की जायेंगी एवं दिनांक 22.9.23 को कार्यालय के सभा कक्ष में दोपहर 3.00 बजे खोली जायेंगी। निविदादाता उस समय उपस्थित रह सकते है। अनुपयोगी सामग्री का अवलोकन दिनांक 21.9.23 को कार्यालय समय में 1.00 से 3.00 बजे तक पुरानी जेल के पास विकास भवन में अवलोकन किया जा सकता है।

(के.के. श्रीवास्तव)
कार्यालय प्रमुख
विकास आयुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

G-19714 / 23

**मेट्रो एंकर** | भव्य चल समारोह का आयोजन होगा

## श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह में दस दिन तक होंगे विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर के प्राचीन मंदिर श्री गणेश मंदिर गणेश की अथॉई पर प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी 19 सितम्बर से 28 सितम्बर तक श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह उत्साहपूर्वक मनाया जावेगा। इसकी व्यापक तैयारी हेतु श्री गणेश उत्सव समिति की अत्यावश्यक बैठक गुरूवार को मंदिर परिसर में आयोजित हुई जिसमें दस दिवसीय परंपरागत धार्मिक आयोजनों एवं कार्यक्रमों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

शक्ति, भक्ति एवं बुद्धि प्रदान करते है श्री गणेश- पं. नलिनीकांत शर्मा - इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा ने आर्शीवचन देते हुए कहा कि यह नगर का प्राचीन गणेश मंदिर है यहॉं प्रतिबर्ष नगर के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं के सहयोग से श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह धूम-धाम से मनाया जाता है। भगवान श्री गणेश सभी भक्तों पर कृपा कर उनको शक्ति-भक्ति एवं बुद्धि प्रदान करने वाले हैं। इस वर्ष भी यह आयोजन नगर के सभी लोगों के सहयोग से धार्मिक भक्ति भाव से मनाया जावेगा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कृष्णविहारी पांडे ने कहा कि आज के युग में समय का बड़ा महत्व है इसलिए हम सभी भक्तगण इस दस दिवसीय आयोजन में अपना अमूल्य समय प्रदान कर तन-मन-धन से इस उत्सव में सहयोग कर आयोजन को भव्यता एवं दिव्यता प्रदान करें। बैठक में वरिष्ठ समिति सदस्य संतोष चौरे, रमेश यादव, महेन्द्रसिंह दांगी, जितेन्द्र वघेल, रघुनाथसिंह रघुवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन समिति सचिव शिवकुमार मिश्रा एवं आभार ओमप्रकाश दुवे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समिति सदस्य रघुनंदन शर्मा, फूलसिंह दांगी, डॉ. पी.के. विश्वास, हरबिबू भार्गव, मनमोहन साहू, राजेन्द्र गर्ग, के साथ ही बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं नगर के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे। समारोह के दौरान होंगे विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन - इस अवसर पर श्री गणेश मंदिर गणेश की अथॉई पर आयोजित होने वाले दस दिवसीय आयोजनों में 19 सितम्बर को दोपहर में श्री गणेश जन्भाभिषेक, पूजन आरती एवं स्थापना होगी। 20 सितम्बर को रात्रि में श्री गणेश जन्म कथा, 21 सितम्बर को कींगड़ी गायन, 22 सितम्बर को देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता, 23 सितम्बर को श्री अखंड रामायण पाठ प्रांरभ एवं 24 सितम्बर को समापन होगा। 25 सितम्बर को गम्मत, 26 सितम्बर को डोल ग्यारस उत्सव एवं भव्य झॉंकी दर्शन, 27 सितम्बर को महिला मंडल द्वारा संकीर्तन एवं 28 सितम्बर को दोपहर में हवन पूजन एवं श्री गणेश विर्सजन तथा सायं पांच बजे से भव्य चल समारोह का आयोजन होगा।






# भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच राजकोट में 27 सितंबर को होगा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

आगामी 27 सितंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में वनडे मैच खेला जाएगा। इसके लिए सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से जोरदार तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं, एससीए ने मैच के लिए टिकट की कीमतों का भी ऐलान कर दिया है। टिकटों की कीमतें 1500 से 10,000 रुपए तक तय की गई हैं।

### टिकटों की बिक्री 17 सितंबर से होगी

मैच के टिकटों की कीमतें तीन हिस्सों ईस्ट स्टैंड, वेस्ट स्टैंड और साउथ पवेलियन के हिसाब से तय की गई हैं। इतना ही नहीं, इस मैच के लिए खास कॉरपोरेट बॉक्स भी बनाए गए हैं, जिसमें वीआईपी सुविधाओं के साथ डिनर की भी व्यवस्था रहेगी। टिकटों की बिक्री 17 सितंबर से पेटीएम ऐप के जरिए ऑनलाइन शुरू होगी। ईस्ट स्टैंड लेवल 1, 2 और 3 के टिकट की कीमत 1,500 रुपए, वेस्ट स्टैंड लेवल 1 की कीमत 2,000 रुपए, लेवल 2 व 3 की कीमत 2,500 रुपए, वेस्ट स्टैंड कॉरपोरेट बॉक्स (15 सीटें) का प्राइस 10 हजार रुपए रखा गया है। इसके अलावा साउथ पवेलियन में लेवल-1 (डिनर के साथ) की कीमत 8,500 रुपए, लेवल-2 (ब्लॉक ए से डी) की कीमत 8,500 रुपए, लेवल-3 की कीमत 3,000 रुपए और कॉर्पोरेट बॉक्स (15 सीटें) की कीमत 10,000 रुपए तय की गई है।



### साल 2020 में इसी मैदान पर हुई थी भारत-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत

राजकोट के खंडेरी क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 10 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं। इसमें 2 टेस्ट, 5 टी-20 और 3 वनडे शामिल हैं। बीते 17 जनवरी-2020 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खंडेरी स्टेडियम में वनडे मैच खेला गया था, जिसमें भारत ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को ऑलआउट कर शानदार जीत हासिल की थी। अब 27 सितंबर को एक बार फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच भिड़ंत होगी।

### पांच साल से एशिया कप में जीतने का इंतजार कल होगा खत्म

# 16वें एशिया कप के फाइनल में भारत का सामना श्रीलंका से

**कोलंबो, एजेंसी**

**भारतीय टीम रविवार को उस इंतजार को खत्म कर सकती है जो उसके फैंस पिछले पांच साल से कर रहे हैं। क्रिकेट के किसी मेजर टूर्नामेंट में खिताबी जीत का इंतजार। इस दिन 16वें एशिया कप के फाइनल में भारत का सामना कोलंबो में श्रीलंका से होना है।**




भारतीय टीम आखिरी बार 2018 में किसी मेजर ट्रॉफी को अपने नाम करने में कामयाब हुई थी। तब हमारी टीम ने यूएई में खेले गए 14वें एशिया कप में खिताब जीता था। इसके बाद से भारत इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के 5 और एशियन क्रिकेट काउंसिल के 1 इवेंट में हिस्सा ले चुका है और इनमें से एक में भी हमारी टीम चैंपियन नहीं बन सकी। आईसीसी और एसीसी के मेगा इवेंट ही क्रिकेट के मेजर टूर्नामेंट कहलाते हैं। भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के तौर पर आखिरी बार आईपीएल इवेंट जीता था। वहीं, 2018 में एशिया कप के तौर पर आखिरी एसीसी इवेंट अपने नाम किया था।

**2013 के बाद 4 में से 2 एशिया कप जीते:** साल 2014 में पाकिस्तान और श्रीलंका ने भारत को एशिया कप के ग्रुप स्टेज में हराया, टीम फाइनल में भी नहीं पहुंच सकी। इसके बाद टीम 3 बार एशिया कप में उतरी और 2 खिताब जीत लिए। 2016 का एशिया कप टी-20 फॉर्मेट में बांग्लादेश में खेला गया।

### 4 टी-20 वर्ल्ड कप खेले, 3 बार नॉकआउट में हारे

2014 में बांग्लादेश में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम फाइनल में पहुंची। 2016 में अपनी मेजबानी में हुए इस टूर्नामेंट में भारत का सफर सेमीफाइनल में थम गया। 2021 में,श्व में टी-20 वर्ल्ड कप हुआ। तब हम नॉकआउट में भी नहीं पहुंच पाए। 2022 में ऑस्ट्रेलिया ने इस इवेंट को होस्ट किया। इसमें हम सेमीफाइनल में हार गए। 2018 का एशिया कप वनडे फॉर्मेट में यूएई में खेला गया। दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया ने आखिरी बॉल तक गए रोमांचक फाइनल को 3 विकेट से जीता। 2022 का एशिया कप टी-20 फॉर्मेट में यूएई में खेला गया। भारत को सुपर-4 स्टेज में श्रीलंका और पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ गया। टीम फाइनल में नहीं पहुंच सकी।

### पिछले 10 साल में 2 वनडे वर्ल्ड कप खेले

2015 का वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया में खेला गया। इसमें भारत सेमीफाइनल में हार गया। 2019 का वर्ल्ड कप इंग्लैंड में खेला गया। इस बार भी हमें सेमीफाइनल में शिकस्त मिली। टीम इंडिया ने 2 बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला। लेकिन दोनों में ही टीम को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। 2021 में साउथैम्प्टन के मैदान पर पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से हुआ। भारत ने 8 विकेट से मुकाबला गंवा दिया। 2023 में लंदन के द ओवल मैदान पर दूसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ। ऑस्ट्रेलिया 209 रन से जीत गया।

### 10 साल में 13 टूर्नामेंट खेले, 2 बार जीत सके

टीम इंडिया ने 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईसीसी की चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। तब से टीम इंडिया ने आईसीसी और एसीसी के कुल 13 टूर्नामेंट खेल लिए, लेकिन सफलता 2 बार एशिया कप में ही मिल सकी। भारत ने 2016 और 2018 में एशिया कप का खिताब जीता था।

### पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी में फाइनल हराया

भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में ही आखिरी बार ङ्खष्ट ट्रॉफी जीती थी। तब से अब तक एक ही बार इस टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। 2017 में इंग्लैंड ने टूर्नामेंट की मेजबानी की। भारत ने ग्रुप स्टेज में टॉप करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। बांग्लादेश को सेमीफाइनल हराकर फाइनल में पहुंची लेकिन लीग मैच में हमसे हारने वाला पाकिस्तान खिताबी मुकाबले में भारी पड़ा।

मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ भारत का फाइनल हुआ। टीम इंडिया ने इसे 45 रन से जीता। 2023 का एशिया कप वनडे फॉर्मेट में पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जा रहा है। भारत ने ग्रुप स्टेज और सुपर-4 स्टेज में टॉप करते हुए फाइनल में जगह बनाई। 17 सितंबर को कोलंबो के मैदान पर टीम का सामना डिफेंडिंग चैम्पियन श्रीलंका से होगा। टीम इंडिया इसे जीतकर 5 साल बाद एशियन चैम्पियन बन सकती है।

### इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का वनडे टीम रैंकिंग अपडेट

# भारत वन-डे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर तीसरे स्थान पर फिसला पाकिस्तान

**गुयाना, एजेंसी**

भारत वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर आ गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वनडे टीम रैंकिंग अपडेट की है। जहां भारतीय टीम पाकिस्तान को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। एशिया कप 2023 के अपने आखिरी सुपर-4 मैच में पाकिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार से टीम को नुकसान हुआ और वो तीसरे नंबर पर फिसल गई। वनडे रैंकिंग में दूसरा स्पॉट हासिल करने वाली भारतीय टीम के कुल 116 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं और उसने पाकिस्तान को एक रेटिंग पॉइंट्स से पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग पॉइंट्स के साथ आईसीसी रैंकिंग में पहले स्थान पर है। अफगानिस्तान को हराकर पहले स्थान पर पंहुचा था पाकिस्तान पिछले महीने एशिया कप शुरू होने से ठीक पहले पाकिस्तान ने श्रीलंका में अफगानिस्तान के खिलाफ 3-0 से वनडे सीरीज जीती, और ऑस्ट्रेलिया को पीछे छो?कर ङ्खष्ट की वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बन गया था। लेकिन, अब पाकिस्तान तीसरे नंबर पर फिसल गया है। डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका ने रोमांचक सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया। आखिरी 2 गेंद पर श्रीलंका को 6 रन की जरूरत थी। चरिथ असालंका ने अगली गेंद पर चौका लगाया और आखिरी गेंद पर 2 रन लेकर टीम को रोमांचक जीत दिला दी। टीम 11वीं बार वनडे एशिया कप के फाइनल में पहुंची है। 17 सितंबर को कोलंबो के मैदान पर खिताबी मुकाबले में श्रीलंका का सामना भारत से होगा। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम पाकिस्तान ने बल्लेबाजी करते हुए 42 ओवर में 7 विकेट पर 252 रन बनाए। श्रीलंका को 252 का टारगेट ही मिला। श्रीलंका ने 42 ओवर में 8 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।



# इंग्लैंड ने चार वनडे मैचों की सीरीज में भी 3-1 से अपना कब्जा जमाया

**लॉर्ड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में खेले गए चौथे वनडे में न्यूजीलैंड को 100 रन से हराया। इसके साथ ही इंग्लैंड ने 4 वनडे मैचों की सीरीज में भी 3-1 से अपना कब्जा जमा लिया है। इंग्लैंड ने अपने घर पर खेलते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ 5वीं वनडे सीरीज जीती है। दूसरी तरफ कीवी टीम ने इंग्लैंड की धरती पर सिर्फ 2 वनडे सीरीज (2008 और 2013 में) जीती है। लॉर्ड्स में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने डेविड मलान की 127 रन की पारी की बदौलत से 9 विकेट के नुकसान पर 311 रन की पारी खेली। जवाब में कीवी टीम 38.2 ओवर में 211 रन बनाकर सिमट गई। इंग्लैंड ने 4 वनडे मैचों की सीरीज में भी 3-1 से अपना कब्जा जमा लिया है।

**मलान ने संभाली इंग्लैंड की पारी:** इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसका पहला विकेट 28 पर ही गिर गया। ओपनर जॉनी बेयरोस्टो केवल 13 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद दूसरे ओपनर डेविड मलान ने जो रूट के साथ मिलकर टीम की पारी को संभाला और टीम का स्कोर 107 रन तक ले गए। दोनों के बीच 79 रन की पार्टनरशिप हुई। रूट 40 गेंदों पर 29 रन बनाकर आउट हो गए। मलान ने रूट के अलावा हैरी ब्रूक के साथ 32, बटलर के साथ 56 और लियाम लिविंगस्टोन के साथ भी 48 रन की पार्टनरशिप किया।

**मलान ने करियर का 5वां शतक लगाया:** मलान ने करियर का 5वां शतक जमाया। उन्होंने114 गेंदों पर 127 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 14 चौके और 3 छक्के भी जमाए।



## मेट्रो बाजार

# पाकिस्तान में खाद्य महंगाई दर 38.5 फीसदी पर पहुंची

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए, पाकिस्तान में कई रेस्तरां ने कीमतें बढ़ा दी हैं या मात्रा कम कर दी है। पाकिस्तान में महंगाई डबल डिजिट में पहुंच गई है। अगस्त में यहां सालाना आधार पर महंगाई दर 27.38 फीसदी रही। वहीं पाकिस्तान में खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से फूड इंफ्लेशन 38.5 फीसदी पर पहुंच गया है। एक साल पहले अगस्त में यह 6.2 फीसदी था। पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और बिजली बिलों के खिलाफ बीते दिनों लोग सड़कों पर उतर आए थे। व्यापारियों ने लाहौर, कराची और पेशावर से लेकर देशभर में दुकानें बंद कर दी थी। वहीं अमेरिका की फास्ट फूड चेन सबवे ने महंगाई से जूझ रहे पाकिस्तान में तीन इंच का सैंडविच लॉन्च किया है। पहली बार इस फास्ट-फूड चेन ने वैश्विक स्तर पर सैंडविच का मिनी वर्जन लॉन्च किया है। इसकी कीमत 360 पाकिस्तानी रुपए है। सबवे आमतौर पर 6-इंच और 12-इंच का सैंडविच बेचती है। लेकिन पाकिस्तान में लोगों की पर्चेजिंग पावर को ध्यान में रखते हुए मेन्यू में मिनी सैंडविच ऐड किया है।



व्यापारियों का कहना है कि हमने अपनी दुकानें बंद रखी हैं ताकि देश के सत्ता में बैठे तबके तक हमारा मैसेज पहुंचे। अगल उन्होंने हमारी तकलीफें नहीं समझी तो हमें दूसरे तरीके अपनाने होंगे।

# भारतीय जीवन बीमा निगम ने लाभांश का चेक वित्त मंत्री को सौंपा

**भोपाल, एजेंसी।** भारतीय जीवन बीमा निगम अध्यक्ष सिद्धार्थ महंती, द्वारा. 1831.09 करोड़ के लाभांश का चेक निर्मला सीतारमन, वित्त व कॉर्पोरेट कार्य मंत्री को सौंपा गया। इस मौके पर डॉ. एम. पी. टंगीराला, अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी एम. जगन्नाथन, एम. डी., तबलेश पांडे, एम.डी., सतपाल भानू, एम.डी. और जे.पी.एस.बजाज, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर क्षेत्र भी उपस्थित थे। भारतीय जीवन बीमा निगम ने संस्थापन के 67 वर्ष पूर्ण किए है। निगम ने 1956 में रु. 5 करोड़ की प्रारम्भिक पूंजी से सूत्रपात किया था।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# पत्रकार का किरदार निभाएंगे आमिर खान के बेटे जुनैद



आमिर खान के बेटे जुनैद खान जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। खबरों की मानें तो जुनैद की फिल्म 'महाराज' डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज होगी। दरअसल, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर एक पोस्ट शेयर करते हुए हिंट दिया है कि वह जल्द ही नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर कुछ नया लाने वाले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि मेकर्स जल्द ही कोई बड़ी अनाउंसमेंट करने वाले हैं। जुनैद खान की फिल्म 'महाराज' नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। यशराज फिल्म्स के डिजिटल प्रोडक्शन बैनर वायआरएफ एंटरटेनमेंट ने इस फिल्म के लिए नेटफ्लिक्स इंडिया के साथ कोलैबोरेट किया है। जुनैद की इस फिल्म में जयदीप अहलावत, शारवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इससे पहले दोनों कंपनियों ने 'द रोमांटिक्स' पर एक साथ काम किया था, जो कि एक डॉक्यूमेंट सीरीज थी। जुनैद की इस डेब्यू फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा ने किया है। यह फिल्म एक रियल लाइफ स्टोरीज से इंस्पायर्ड है। फिल्म एक पत्रकार की कहानी है, जिसे लोग मसीहा के तौर पर जानते हैं। फिल्म में जुनैद पत्रकार का किरदार निभा रहे हैं।

### डेब्यू से पहले जुनैद के हाथ लगी दूसरी फिल्म

जुनैद की पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही उन्होंने अपना दूसरा प्रोजेक्ट साइन कर लिया है, जिसमें उनके साथ साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी नजर आएंगी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक जुनैद खान जल्द ही अपनी दूसरी फिल्म की शूटिंग शूर करेंगे। हालांकि, अभी तक मेकर्स ने फिल्म का नाम डिसाइड नहीं किया है। इस फिल्म का डायरेक्शन सुनील पांडे करेंगे। कुछ समय पहले यह खबर आई थी की आमिर के बेट तमिल हिट फिल्म 'लव टुडे' के हिंदी रीमेक में नजर आ सकते हैं।

# टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए निकलीं शहनाज गिल

मुंबई एयरपोर्ट पर सितारों का जमावड़ा देखने को मिला। बीते दिन बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल, सोनल चौहान, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे को एयरपोर्ट पर स्टाइलिश लुक में देखा गया। शहनाज गिल और भूमि पेडनेकर दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। बता दें, इन दिनों दोनों एक्ट्रेसेस अपनी अपकमिंग फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया है। फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने शहनाज और भूमि मुंबई से रवाना हुई हैं।





# 'नेशनल ऑवर' बनाना चाहते हैं वरुण शर्मा

फुकरे-3 की पूरी टीम देश में बदलाव चाहती है। वरुण शर्मा ने कहा, 'फोन चलाने के चक्कर में हम अपने परिवार और दोस्तों को अनदेखा करते हैं। मैं नेशनल हॉलिडे की तरह हर दिन का 'नेशनल ऑवर' बनाता। इस बीच कोई भी अपने फोन का उपयोग नहीं करेगा। केवल अपने परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताना होगा।' वरुण 'ओल्ड एज होम' में रहने वाले लोगों के लिए भी कुछ अच्छा करना चाहते हैं। पुलकित सम्राट एंटरटेनमेंट टैक्स जैसी चीजों को हटाना चाहते हैं। इसके अलावा वो 14 साल के बच्चों को फ्री में एजुकेशन भी प्रोवाइड कराना चाहते हैं। दैनिक भास्कर के साथ एक्सक्लूसिव इंटरव्यू के दौरान 'फुकरे 3' की टीम ने देश में काफी सारे बदलाव की बात की। फुकरे-3 की टीम से पूछा गया अगर आपको फिल्म के अलावा रियल में इलेक्शन लड़ना हो तो आप क्या मुद्दा उठाएंगे। इस पर ऋचा चड्ढा ने कहा कि वे क्लाइमेट चेंज के बारे में बात करेंगी। इसके अलावा ऋचा चाहती हैं कि हर इंसान अपने जन्मदिन पर कम से कम दो पौधे लगाए।

मैदा मिल और रचना टावर के पीछे रेलवे ट्रैक के पास पेड़ पर दुपट्टे से फंदा बनाकर लगाई फांसी

# नरसिंहपुर से भोपाल भागकर आए प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## नहीं मिला सुसाइड नोट, पुलिस जांच में जुटी, परिजन नरसिंहपुर से भोपाल रवाना, आज दर्ज किए जाएंगे परिजन के बयान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित मैदा मिल और रचना टावर के पास बीती रात युवक और युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों की पहचान कर ली गई है। दोनों ही नरसिंहपुर के पास एक गांव के रहने वाले हैं। दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी पुलिस ने देर रात दे दी थी। परिजन भोपाल के लिए निकल गए थे। आज शनिवार को मर्चूरी में दोनों के पीएम कराने के बाद परिजन को शव सौंपे जाएंगे। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि प्रेमी युगल गत 13 सितंबर की रात नरसिंहपुर से भोपाल आए थे। उनकी गुमशुदगी परिजन ने पुलिस थाने में दर्ज नहीं कराई थी।

पुलिस के अनुसार मैदा मिल और रचना टावर के पीछे रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर एक पेड़ पर युवक और युवती की लाश लटकी मिलने की सूचना मिली थ्री। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि युवक और युवती ने लाल रंग के दुपट्टे से पेड़ पर फांसी लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऐशबाग और एमपी नगर पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल एमपी नगर थाने का होने के कारण एमपी नगर पुलिस ने घटना की जानकारी एफएसएल की टीम को दी। रात करीब साढ़े 12 बजे के आसपास तेज बारिश के बीच एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटनास्थल अथवा युवक और युवती की तलाश लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से एक पन्नी बरामद की थी। पन्नी में युवती के दस्तावेज मिले थे। दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने नरसिंहपुर पुलिस को घटना के बारे में



जानकारी दी। नरसिंहपुर पुलिस युवती के घर पहुंची और उसकी शिनाख्त धर्मवति पिता पूरन सिंह चौधरी (21) गांव चौधरी पिपरिया, जिला नरसिंहपुर के रूप में कर ली गई। इसी तरह स्थानीय पुलिस ने प?ताल की तो पता चला कि युवती के साथ गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर अटा पिपरिया निवासी हरपाल सिंह उर्फ बिट्टू पिता कोमल सिंह लोधी (ठाकुर) भी लापता है। परिजन ने उसके परिजन से भी संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि बिट्टू गत 13 सितंबर की रात से ही बिना बताए निकला था।

### प्रेम प्रसंग में असफल होने की आशंका

एमपी नगर पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर मृतकों के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि पुलिस का अनुमान है कि धर्मवति और बिट्टू ने यह कदम प्रेम प्रसंग में असफल होने के बाद उठाया है। धर्मवति और बिट्टू के परिजन को घटना की जानकारी दे दी गई है। वे नरसिंहपुर से भोपाल के लिए निकल गए हैं। आज उनके बयान किए जाएगे।

### ऊंचे पहाड़ पर चट्टान पर चढ़कर लगाई फांसी

पुलिस ने बताय कि मुख्य स?क से अंदर करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर लाश लटकी मिली?थी। वहां चट्टान है और चट्टान के पास पे? लगा हुआ है। दोनों ने चट्टान पर च?कर पे? पर फांसी का फंदा बांधा था और इसके बाद चट्टान से छलांग लगा दी। एफएसएल की टीम ने देर रात निरीक्षण किया और डे? बजे के आसपास पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों लाश मुख्य स?क तक पहुंचाई। मामले की जांच कर रहे एसआई केपी सिंह ने बताया कि पहा?ी पर पत्थरों के बीच बमुश्किल पहुंचने के बाद दोनों शवों को बारिश के बीच तीन रेलवे ट्रैक पार करने के बाद शव वाहन तक लाया गया था।

# बैरागढ़ पुलिस ने नाबालिग बालिका को सकुशल तलाशा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

घर बगैर बताए लापता हुई एक नाबालिग बालिका को बैरागढ़ पुलिस ने सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मां की फटकार से नाराज होकर घर से निकली किशोरी उज्जैन चली गई थी। वहां से लौटते ही पुलिस ने उसे रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक सीआरपी फाटक बैरागढ़ में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी घर से बगैर बताए घर से कहीं चली गई है। पुलिस ने गुमशुदगी के साथ ही बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालिका की तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम लगाई गई। टीम ने शुक्रवार को वह बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के पास से सकुशल बरामद कर लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर बालिका ने बताया कि वह नाराज होकर ट्रेन में बैठकर उज्जैन चली गई थी। पुलिस ने उसे समझाईश देकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बालिका को तलाशने में थाना प्रभारी केएस रंधावा के साथ ही एएसआई लक्ष्मी अहिरवार, हेड कांस्टेबल दीपक, आरक्षक यश और महिला आरक्षक पूनम की सराहनीय भूमिका रही।

# लोहे के सरिये से अमरुद तोड़ रही बुजुर्ग महिला की करंट से मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित अशोक विहार कॉलोनी में कल शाम करंट से झुलसकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना के समय वह लोहे के सरिये से अमरुद तो? रही थी। तभी ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।

**पुलिसकर्मी की मां थी**

पुलिस के अनुसार फूलवती मालवीय पति स्वर्गीय अमानसिंह मालवीय (72) अशोक विहार कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहती थी। उनका बेटा पुलिस मुख्यालय में पदस्थ हैं। जबकि बहू भी नौकरी करती हैं। शुक्रवार सुबह दंपती नौकरी पर गए थे। घर पर फूलवती मालवीय अकेली थी। शाम को उनका बेटा घर पहुंचा तो उसने मां को घर के आंगन में अमरुद के पेड़ के पास पेड़ देखा था। मां से कुछ दूरी पर लोहे का सरिया पड़ा था।

महिला एवं बाल अधिकारों के संरक्षण की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस कर रही सराहनीय कार्य

# यूनिसेफ के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश पुलिस के नवाचारों को सराहा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश पुलिस महिला एवं बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पुलिस द्वारा बच्चों व महिलाओं के हित में क्या परिवर्तनकारी कार्य किए जा रहे हैं, उन्हें प्रत्यक्ष रूप से जानने और आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यूनिसेफ की भारत प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफरी और मध्यप्रदेश की प्रमुख मार्गरेट ग्वाडा ने भोपाल के श्यामला हिल्स पुलिस थाने में स्थित विशेष किशोर न्याय इकाई का भ्रमण किया।

इस दौरान यूनिसेफ के प्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में मप्र पुलिस द्वारा किए जा रहे अभिनव कार्यक्रमों और नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर हुई चर्चा के दौरान सुश्री मैककैफरी और सुश्री ग्वाडा ने बाल संरक्षण और लैंगिक न्याय के लक्ष्य को सामने रखकर आगे ब?ने की अंतर्दृष्टि अपनाने पर जोर दिया और विचारों का आदान-प्रदान किया।

### महिला अपराध के प्रति लड़कों को शिक्षित करने पर दिया बल

**यूनीसेफ** की भारत प्रतिनिधि सुश्री मैककैफरी ने युवाओं को सशक्त और जागरूक बनाने और प्रत्येक बच्चे के अधिकारों की सुरक्षा के लिए भारत और मप्र पुलिस की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने और सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के बारे में ल?कों को शिक्षित करने पर बल दिया। उन्होंने महिला एवं बाल कल्याण के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने के लिए मप्र पुलिस, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों का आभार माना।



### पुलिस द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं की भी सराहना

सुश्री ग्वाडा ने मप्र पुलिस द्वारा किए जा रहे नवाचारों और विभिन्न सेवाओं की सराहना की साथ ही साझेदारी के लिए मप्र पुलिस का आभार व्यक्त किया और यूनिसेफ द्वारा भविष्य में भी सहयोग प्रदान किए जाने का इरादा व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मप्र पुलिस द्वारा की जा रही विभिन्न पहल लैंगिक न्याय और सशक्तिकरण के माहौल को ब?ावा देते हुए बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए यूनिसेफ और मप्र पुलिस की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### प्रतिनिधियों को दी नवाचारों की जानकारी

इस अवसर पर डीजीपी के पीएसओ डॉ. विनीत कपूर ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और उनके कल्याण सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस द्वारा किए जा रहे नवाचारों के महत्व को रेखांकित करते हुए ऊर्जा हेल्प डेस्क, परामर्श कक्ष और बाल कल्याण सुविधाओं सहित पुलिस स्टेशन के भीतर बनाए जा रहे विशेष कक्षों के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सभी पुलिस स्टेशनों में अलग-अलग, अच्छी तरह से सुसज्जित बाल संरक्षण कक्ष हैं, जिनमें उच्च प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात हैं। ये इकाइयां 24 घंटे काम करती हैं और प्रतिदिन औसतन 8 से 10 मामलों को संभालती हैं। यह मामले मुख्य रूप से मारपीट, शारीरिक हिंसा और घरेलू दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों से संबंधित होते हैं।

**तैयारी**



भोपाल। महिलाओं के कठिन व्रत तीज के लिए न्यू मार्केट में दुकानों पर खरीदारी जारी है।

# बंद मकान में मिली युवक की लाश सिर में चोट के निशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित शंकराचार्य होम्स में शुक्रवार शाम में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश करीब दो से तीन तीन दिन पुरानी होने के कारण बुरी तरह से स? चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। मृतक के सिर और शरीर पर चोट के निशान मिलने से मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस पीएम रिपोर्ट?मिलने का इंतजार कर रही है।

एसपी रजनीश कश्यप ने बताया कि शरद बरैया पिता एमएल बरैया (46) बी ब्लॉक, मकान नंबर 403 में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। उनका परिवार छिंदवाड़ा में रहता है। उनकी मां शांति बरैया ने रूचि लाइफ स्कैप में रहने वाले अपने भतीजे शैलेंद्र बड़ोनिया को शुक्रवार दोपहर कॉल किया था और कहा कि शरद दो दिन से कॉल रीसिव नहीं कर रहा है। बुआ के कहने पर शैलेंद्र शरद के घर पहुंचा तो मकान अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो शैलेंद्र ने प?ौसियों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शाम करीब सा? 4 बजे के आसपास दरवाजा तो?ा था। इस दौरान शरद का शव हाल में प?ा नजर आया। वह टावेल और बनियान पर?था और उसके सिर में चोट के निशान नजर आ रहे थे।

**Name Expansion**

I Deepa. C, Mother of Mayukha Santosh student of Class 9H, Scholar no: 7909, Delhi Public School Bhopal, am the same person with my initial expanded as Deepa Cherukunnath.

**मेट्रो एंकर** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित सइदिया स्कूल का मामला...

# हम्माल ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित सइदिया स्कूल के पास रहने वाले एक हम्माल ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। पत्नी उसे गंभीर रूप से घायल होने के बाद अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां इलाज के दौरान दोपहर करीब तीन बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि शोकाकुल परिजन के बयान नहीं होने से आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

एएसआई राजेंद्र यादव ने बताया कि अशोक जोगी पिता लालाराम जोगी (40) एकतापुरी जोगीपुरा, जहांगीराबाद में रहता था। फिलहाल वह पत्नी के साथ डीमार्ट के पीछे, सइदिया स्कूल के पास किराए के मकान में रह रहा था। जबकि परिवार एकतापुरी में रह रहा है। अशोक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि अशोक हम्माली करते थे। शुक्रवार सुबह वह काम पर नहीं गए थे और उल्टियां कर रहे थे। पत्नी ने उनसे उल्टी करने का




कारण पूछा तो पता चला कि उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। यह बात सुनते ही पत्नी उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची थी। अस्पताल में इलाज के दौरान दोपहर करीब तीन बजे के आसपास डॉक्टर ने अशोक को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने उस कमरे को सील कर दिया है, जहां अशोक ने जहरीला पदार्थ खाया था।

### स्कूटर से गिरे बुजुर्ग की मौत

इधर, अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित अभिनव होम्स के पास करीब चार दिन पूर्व स्कूटर से गिरकर घायल हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हेड कांस्टेबल सुनील साहू ने बताया कि एसएल सिंह (75) अभिनव होम्स में रहते थे। गत 10 सितंबर की रात करीब दस बजे वह घर से कुछ दूरी पर अयोध्या बायपास पर स्कूटर से गिर गए थे। उन्हें परिजन इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हादसे में उन्हें सिर में गंभीर चोट थी। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास उनकी मौत हो गई।


**ज्योतिष परामर्श**

*ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें*

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं. 7869267010
कॉलिंग नंबर 7415497010
shrutirawat16@gmail.com



परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022